भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक का कार्यालय द्वारा पंजीकृत संख्या UTTHIN/2015/66525
E-mail: amarujiyara@gmail.com

# अमर उजियारा

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

वर्ष–7 अंक–15 सोमवार, 2 अगस्त 2021 हल्द्वानी (नैनीताल) मूल्य 5/– रुपया पृष्ठ 8

## साप्ताहिक हाट बाजार में सफाई अभियान चलाया

अमर उजियारा संवाददाता

नैनीताल। कोरोना काल के दौरान पिछले 6 महीने से बंद पड़े साप्ताहिक हाट बाजार में नगर पंचायत ने विशेष सफाई अभियान चलाकर सफाई की। 2 दिन बाद हाट बाजार को वेंडर जोन घोषित करते हुए नगर के सभी फड़ और ठेलों को लगाया जाना है। रविवार को नगर पंचायत लालकुआं ने पिछले 6 माह से कोरोना काल के दौरान बंद पड़े साप्ताहिक हाट बाजार स्थल में अत्यधिक झाडियां उग आने के चलते सफाई अभियान चलाया। नगर पंचायत अध्यक्ष लाल चंद्र सिंह की अगुवाई में चले स्वच्छता अभियान में महज 2 घंटे के अंतराल में ही पूरे हाट बाजार को एकदम साफ कर दिया। चेयरमैन लाल चंद्र सिंह ने कहा कि जिस प्रकार हाट बाजार में विशेष सफाई अभियान चलाया गया है उसी प्रकार नगर के विभिन्न ऐसे क्षेत्रों में भी सफाई अभियान चलाया जाएगा। अधिशासी अधिकारी राजू नबियाल ने कहा कि नगर पंचायत द्वारा सोमवार को ध्वनि विस्तारक यंत्रों से सभी फड़ एवं ठेले वालों को सूचना देकर 2 दिन बाद साप्ताहिक हाट बाजार स्थल में बनाए गए वेंडर जोन में ही फड़ और ठेलों को स्थापित किया जाएगा। हाट बाजार के अलावा अब किसी भी स्थान पर पड़ एवं ठेले नहीं लगेंगे। मानव सेवा समिति के अध्यक्ष फिरोज खान, सलमान शाह, नगर पंचायत के दीप लोहनी, सोनू भारती, मनोज बर्गली और सफाई नायक श्रीपाल सहित भारी संख्या में नगर पंचायत कर्मी मौजूद थे।

## शौर्य स्थल की शान बढ़ाएगा मिग–21 लड़ाकू विमान

देहरादून। वायु सेना के शौर्य का प्रतीक मिग–21 लड़ाकू विमान अब गढ़ी कैंट के चीड़बाग में निमार्णाधीन युद्ध स्मारक (शौर्य स्थल) की शान बढ़ाएगा। रविवार को विमान यहां पहुंच गया है। जिसे विधि वत पूजा अर्चना के बाद युद्ध स्मारक पर उतारा गया। छावनी परिषद देहरादून की मुख्य अधिशासी अधिकारी तनु जैन ने कैंट बोर्ड कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि देश के सैन्य इतिहास में देवभूमि के रणबांकुरों के शौर्य के असंख्य किस्से दर्ज हैं। उनके इस अदम्य साहस और बलिदान के प्रतीक के रूप में पूर्व राज्य सभा सदस्य तरुण विजय की पहल पर युद्ध स्मारक की नींव रखी गई थी। युद्ध स्मारक में मिग–21 रखने का प्रस्ताव करीब दो साल पहले कैंट बोर्ड की बैठक में पास हुआ था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व वायु सेना प्रमुख आरकेएस भदौरिया के विशेष प्रयास से विमान यहां पहुंच गया हैइधर, पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं युद्ध स्मारक के अध्यक्ष तरुण विजय ने बताया कि देश के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए तैयार हो रहे शौर्य स्थल में नभ, जल और थल



तीनों सेनाओं की निशानियां रखी जानी हैं। मिग–21 दून पहुंच गया है। युद्ध स्मारक की शान बढ़ाने के लिए चीफ आफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) विपिन रावत की ओर से दो राइफल पहले ही दी जा चुकी हैं। इसके अलावा नौ सेना के साहस के प्रतीक के रूप में एक जहाज की सिफारिश भी रक्षा मंत्रालय से की गई है।

## पुरानी पेंशन बहाली को संयुक्त मोर्चा ने छेड़ा ट्विटर पर महाअभियान

अमर उजियारा संवाददाता

देहरादून। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा ने ट्विटर पर महाअभियान छेड़कर देश के 73 लाख एनपीएस कार्मिकों ने एक अगस्त को पुरानी पेंशन बहाली के लिए ट्विटर पर हल्ला बोला। राष्ट्रीय अध्यक्ष बी पी सिंह रावत के नेतृत्व में देश मे चल रहे पुरानी पेंशन बहाली के अभियान को प्रदेश के हजारों कार्मिकों ने हजारों की संख्या में ट्वीट कर देश के सांसदों को टैग करते हुए लाखों ट्वीट किये।अभियान के बारे में वार्ता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अनिल बडोनी ने बताया कि वर्तमान में देश की संसद में मानसून सत्र गतिमान है , जिसके लिए 1 अगस्त को ट्विटर के माध्यम से पुरानी पेंशन बहाली की मांग को सरकार के समक्ष रखा जाना था। क्योंकि 21 वीं सदी सोशल मीडिया की सदी है और आंदोलनों को भी समय के साथ चलना आवश्यक है। इस क्रम में आज प्रदेश कार्मिकों ने इस अभियान में बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। यदि शीघ्र इस मांग को गम्भीरता से नही लिया गया तो जमीन पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ0 डी0 सी0 पसबोला ने कहा कि समस्या कहां है यह पता हो तो आसान हो जाता है कि उसका हल कैसे निकाला जाए। अब जब स्पष्ट है कि नई पेंशन व्यवस्था से कार्मिक संतुष्ट नहीं है तो उन्हें उनके हिस्से का हकঘ मिलना चाहिए। केवल बातों से कार्मिकों का गुस्सा ओर बढने की आशंका है, इसलिए शीघ्र इसका हल निकाल कर पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल हो।आगे डॉ0 पसबोला ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य के 78000 कार्मिकों ने ट्विटर के माध्यम से पुरानी पेंशन बहाली के लिए मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री को लाखों ट्वीट किए, देश व प्रदेश में राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में चल रहे राष्ट्रीय अभियान के तहत कार्मिकों ने ट्रेंड कराकर अपनी ताकत दिखाई। प्रदेश महासचिव सीताराम पोखरियाल ने कहा कि कोरोना काल मे सोशल मीडिया ही एक माध्यम है जिसके जरिये हम अपनी बात सरकारों तक पहुंचा सकते हैं । हालांकि जमीन पर लड़ाई लडने का अवसर जब भी आएगा तब यह आन्दोलन राज्य में एक नया इतिहास लिखेगा।प्रान्तीय संरक्षक जसपाल रावत ने कहा कि आज लाखो कार्मिक एकता चीख चीख कर कह रही है कि इस नई पेंशन व्यवस्था में हमारा बुढापा सुरक्षित नही है हमें पुरानी पेंशन व्यवस्था लौटा दीजिए आशा हूं प्रधानमंत्री जी कार्मिकों इन मांग को गम्भीरता से लेकर कार्मिकों की मूल समस्या का अवश्य कोई हल निकालेंगे।प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र बिष्ट ने कहा आज सोशल मीडिया दिवस पर 2004–05 के बाद नियुक्त कार्मिको ने सोशल मीडिया पर यह दिखा दिया है कि हर जगह पुरानी पेंशन बहाली की आवाज गूंजती रहेगी।प्रदेश महिला उपाध्यक्ष योगिता पन्त ने कहा कि इस आंदोलन महिला प्रतिभागिता के बिना अधूरा है और मातृशक्ति अपने और अपने परिवार के भविष्य के लिए बड़ी से बड़ी मुसीबतों से लड़ जाती हैं , ये तो मात्र कुछ सरकारें ही हैं। ट्विटर के इस अभियान से सरकारें अंदाजा लगा सकती हैं कि इस मांग से सरकारों और कार्मिकों दोनो का भविष्य जुड़ा है।गढ़वाल मंडल उपाध्यक्ष रश्मि गौड़ ने कहा कि संगठन के पक्ष में देखा जाए तो राजनीति हमारा काम नहीं , ना ही आंदोलन करना, लेकिन जब लगातार किसी मांग को अनसुना किया जाय तो और चारा क्या रह जाता है ,आने वाला भविष्य कार्मिकों और उनके परिवारों दोनो के लिए उज्ज्वल हो, यही हमारी कामना है ।प्रदेश आई टी सेल प्रभारी अवधेश सेमवाल ने कहा कि देश के विकास में निरन्तर ईमानदारी से काम करके यदि कार्मिकों का भविष्य और बुढापा ही गर्त में जा रहा हो तो ऐसे समर्पण और सेवाभाव का क्या फायदा है द्य इसलिए सरकार कार्मिकों की पुरानी पेंशन बहाल कर कार्मिकों को कृतार्थ करे और इस नई पेंशन के अभिशाप से मुक्ति दिलाए।

प्रदेश प्रेस सचिव कमलेश कुमार मिश्रा ने प्रेस को बताया कि सोशल मीडिया दिवस और कार्मिकों के आह्वाहन को एक नया रूप आज राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा ने दिया है जिसमे लाखो कार्मिकों ने लगातार लाखों ट्वीट्स के माध्यम से अपनी मांग रखी।

प्रदेश संयोजक मिलिन्द बिष्ट ने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने में आलोक पाण्डे, अवंतिका पोखरियाल, डॉ0 शैलजा रोहिला, नीलम बिष्ट, रजनी रावत, शशि चौधरी, सौरभ नौटियाल, प्रदीप सजवान, पूरन फर्सवान, कपिल पाण्डे, रेणु डांगला, रणवीर सिंध वाल, पंकज बधानी, भवान सिंह नेगी, नरेश भट्ट, राजीव उनियाल, मक्खन लाल साह, छत्रपति पाण्डे, सुबोध कांडपाल, राजेन्द्र शर्मा, रज्जन कफलटिया, कैलाश अंडोला, विकास थपलियाल, भूपाल सिंह धामी, मयंक सिंधवाल, दीपक गोडियाल, प्रदीप जुयाल, देवेंद्र मेहता, अनिल जोशी, इंदुवर जोशी, त्रिभुवन बिष्ट, भास्करानंद आर्य, खीम सिंह खत्री , बलवंत असवाल, गुरुदेव रावत, मुरली मनोहर भट्ट,आदि साथियो का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## भू–कानून को लेकर राष्ट्रीय उत्तराखंड पार्टी का प्रदर्शन



अमर उजियारा संवाददाता

देहरादून। राष्ट्रीय उत्तराखंड पार्टी ने राज्य में सख्त भू कानून बनाने और अनियोजित विकास कार्य को लेकर परेड ग्राउंड में प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय उत्तराखंड पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवनीत गुसाईं व मानवतावादी समाज संघ के मुख्य राष्ट्रीय महासचिव विजय कुमार ने कहा कि उत्तराखंड में हिमाचल की तर्ज पर एक सख्त भू कानून लागू किए जाने की जरुरत महसूस की जा रही है। क्योंकि वर्ष 2000 में उत्तराखंड का निर्माण हुआ। उसके बाद जमीनों की जो खरीद–फरोख्त उत्तराखंड से बाहरी व्यक्तियों द्वारा की गई। इससे उत्तराखंड के जनमानस को भारी क्षति उठानी पड़ रही है। राज्य में अनियोजित विकास हो रहा है। जिससे प्राकृतिक, पर्यावरणीय, सांस्कृतिक क्षति हो रही है। उत्तराखंड का नौजवान बेरोजगारी की मार झेल रहा है। वह अपने रास्ते से भटक कर कोई गलत कदम भी उठा सकता है। वर्तमान और पूर्व की सरकारें भू माफियाओं, शराब माफियाओं एवं खनन माफियाओं के हाथ की कठपुतली बनी हुई हैं। उन्होंने कभी भी उत्तराखंड के विकास में रुचि नहीं दिखाई। वे केवल उत्तराखंड के लोगों का इस्तेमाल करते रहे और वोट बटोरते रहे। उन्होंने परेड ग्राउंड को विकास के नाम पर कंक्रीट जोन में तब्दील करने का भी आरोप लगाते हुए कहा कि परेड ग्राउंड में कई पेड़ विकास की भेंट चढ़ गए हैं। उनकी जगह कंक्रीट का जंगल खड़ा किया जा रहा है जो कि हर तरह से खतरनाक है। इसके अलावा सड़कों के चौड़ीकरण में भी पेड़ काटे जा रहे हैं। पेड़ कटान तुरंत बंद किया जाना चाहिए प्रदर्शन करने वालों में नवनीत गुसाईं, विजय कुमार समेत मुख्य राष्ट्रीय महासचिव मानवतावादी समाज संघ बालेश बवानिया, प्रभात डंडरियाल, सुशील विरवानी, विनोद असवाल, ॠषभ नौटियाल, महेंद्र गुसाईं, ज्ञान भट्ट, प्रवेश कुमार घाघट, संजय कुमार, सुल्तान सिंह, सुनील कुमार बडोनी, अमित पंवार आदि शामिल रहे।

# सम्पादकीय

## सड़कों की भीख

कोरोना संकट में बेघर लोगों और भिखारियों के टीकाकरण की आवश्यकता पर बल देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सार्वजनिक स्थलों से भिखारियों को हटाने के बाबत जो मानवीय दृष्टिकोण दिखाया, वह मुक्तकंठ से प्रशंसा योग्य है। कोर्ट ने उन्हें हटाने की मांग करने वालों को दो टूक जवाब दिया कि कोर्ट भिक्षावृत्ति उन्मूलन के बाबत अभिजात्य दृष्टिकोण के बजाय मानवीय नजरिये को तरजीह देगा। अदालत ने कहा कि लोग शौक से भीख नहीं मांगते बल्कि शिक्षा व रोजगार की दौड़ में पिछड़ने के चलते अपनी जमीन से उखड़कर सड़कों पर भीख मांगने को मजबूर होते हैं। इसलिये सरकारों को इसे एक आर्थिक व सामाजिक समस्या मानते हुए उनके जीवनयापन और पुनर्वास के लिये दीर्घकालीन उपाय करने चाहिए। हालांकि, वर्ष 2011 की जनगणना चार लाख भिखारियों का होना बताती है लेकिन वास्तव में यह आकंड़ा बहुत बड़ा है। इनके उत्थान के लिये सरकारी स्तर पर जो प्रयास हुए, उनका लाभ इस तबके तक नहीं पहुंचा है। ऐसे में जब कोरोना संकट में समाज का अंतिम व्यक्ति ही दारुण स्थिति से गुजर रहा है, तो भीख मांगने वालों की त्रासदी का आसानी से अंदाज लगाया जा सकता है। ऐसे में जो लोग वास्तव में मुश्किल हालातों से गुजरकर, विस्थापन, पलायन, दुर्घटनाओं और प्राकृतिक आपदाओं के चलते भीख मांगने को मजबूर होते हैं, उनके उत्थान व पुनर्वास के लिये केंद्र–राज्य सरकारों को मिलकर काम करना चाहिए। शारीरिक दृष्टि से सक्षम लोगों को व्यावसायिक कौशल से लाभान्वित किया जाए ताकि वे समाज में सम्मानजनक जीवन जी सकें। यह भी है कि समाज की करुणा को भुनाने के लिये माफिया बच्चों–विकलांगों तथा महिलाओं का अपहरण करके सुनियोजित तरीके से भीख मंगवाते हैं। कोशिश हो कि भीख मांगना व्यवसाय न बने। हर साल देश में चालीस हजार बच्चों का अपहरण करके उन्हें भीख मांगने और अन्य आपराधिक गतिविधियों में इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करके इनके गढ़ों का सफाया हो।यह अच्छी बात है कि देश का न्यायिक तंत्र और विधायिका का रुख इस वर्ग के प्रति संवेदनशील व करुणामय है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने वर्ष 2018 में भीख मांगने को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया था। दरअसल, हमने उन कारणों को संबोधित करते हुए कदम नहीं उठाये जो इस समस्या के मूल में हैं। यदि हम भीख मांगने को अपराध के दायरे में रखते हैं तो कहीं न कहीं व्यक्ति के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होता है। हालांकि, कई राज्यों ने इस फैसले को निरस्त करने के लिये शीर्ष अदालत में दस्तक भी दी है। इस समस्या के निराकरण के मकसद से भिक्षावृत्ति उन्मूलन और भिखारियों का पुनर्वास विधेयक 2018 संसद में लाया गया था, जिसे पारित करने में तेजी की जरूरत है। इससे इस वंचित समाज की पीड़ा को किसी हद तक कम किया जा सकेगा। निस्संदेह, शीर्ष अदालत में न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एम.आर. शाह की पीठ ने भिखारियों को हटाने के मामले में जो संवेदनशील रवैया दिखाया है, समाज को भी उसका अनुसरण करते हुए, इनके उत्थान के लिये प्रयास करने की जरूरत है। निस्संदेह किसी समाज में भिक्षावृत्ति का बड़े पैमाने में प्रचलन होना बताता है कि वह समाज सामाजिक न्याय की कसौटी पर खरा नहीं उतरता।

# कपड़े धोते समय हर किसी के सामने आती हैं ये समस्याएं, जानिए छुटकारा पाने का तरीका

कपड़े धोना एक सामान्य काम है, लेकिन कपड़े धोते समय लगभग हर किसी को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जैस कभी नए कपड़े का रंग निकल जाता है तो कभी एक कपड़े का रंग दूसरे पर चढ़ जाता है आदि। हो सकता है कि आपके साथ भी कभी न कभी ऐसा हुआ हो। इसलिए आज हम आपको कपड़े धोने से जुड़ी ऐसी ही कुछ सामान्य समस्याओं और उन्हें दूर करने के तरीके बताने जा रहे हैं।

कपड़ों का सिकुड़ना

अगर आपको मशीन में किसी कपड़े को धोने के बाद उसका साइज कम नजर आता है तो समझ जाइए कि वो कपड़ा सिकुड़ गया है। ऐसा बहुत अधिक गर्म पानी में कपड़े को धोने या फिर कपड़े को अधिक ड्रायर के कारण होता है। इसलिए आप किसी भी कपड़े को धोते समय गर्म पानी और अधिक ड्रायर का इस्तेमाल न करें। बेहतर होगा कि आप किसी भी नए कपड़े को धोने से पहले उस पर लगे लेबल को पढ़ लें।

कपड़ों से रंग का निकलना

कई बार ऐसा होता है कि कपड़ों को मशीन में धोते समय उसमें से रंग निकल जाता है और अन्य कपड़ों पर भी लग जाता है। आमतौर पर यह समस्या अधिकतर नए कपड़ों के साथ देखी जाती है। इसलिए यह सलाह दी जाती है कि जब भी आप किसी नए कपड़े को पहली बार धोएं तो उसे सीधे मशीन में धोने की बजाय अलग से हाथों से धोएं। वहीं, कपड़ों को धोते समय उस पर लगे लेबल को जरूर पढ़ें।

धोते समय कपड़ों पर दाग लगना

कई बार ऐसा भी होता है कि कपड़ों को धोते समय उन पर दाग लग जाते हैं और इसका कारण है कपड़ों की जेब में कुछ न कुछ होना। इसलिए बेहतर होगा कि जब भी आप कपड़ों को मशीन में डालने लगे तो उससे पहले जेब को अच्छी तरह चेक करें। अगर संभव हो तो कपड़ों को उल्टा करके धोएं। ऐसा करने से कपड़ों को धोते समय उन पर किसी तरह का दाग नहीं लगेगा।

कपड़ों का फेड होना

आमतौर पर गलत तरीके से कपड़ों को सुखाने के कारण उनका रंग फेड हो जाता है। दरअसल, कई लोग नमी और बैक्टीरिया से छुटकारा पाने के लिए आमतौर पर कपड़ों को तेज धूप में सुखा देते हैं, लेकिन सीधे सूर्य की रोशनी के संपर्क में आने से कपड़ों का रंग फेड हो जाता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप अपने धोए हुए कपड़ों को हल्की धूप या फिर हवा में कुछ समय के लिए ही सुखाएं।

# इन तरीकों से करें प्रेशर कुकर का इस्तेमाल, सुरक्षित होगा खाना बनाना

प्रेशर कुकर की मदद से खाना बनाना जितना आसान है, ठीक उतना ही मुश्किल प्रेशर कुकर का इस्तेमाल करना है क्योंकि अगर आपको इसके इस्तेमाल की सही जानकारी नहीं होगी तो आपको इससे खतरा भी हो सकता है। उदाहरण के लिए, अगर प्रेशर कुकर का ढंग से इस्तेमाल न किया जाए तो इसके फटने की संभावना बढ़ जाती है जिससे आपको भी चोट पहुंच सकती है। चलिए फिर आज प्रेशर कुकर का सही इस्तेमाल करने के तरीके जानते हैं।

सबसे पहले प्रेशर कुकर को चेक करें

अगर आप प्रेशर कुकर का इस्तेमाल करने वाले हैं तो इससे पहले अच्छे से चेक कर लें कि इसमें कोई दरार या छेद तो नहीं है। यह भी सुनिश्चित करें कि प्रेशर कुकर की सीटी खराब तो नहीं है। दरअसल, प्रेशर कुकर में खाना पकाने के लिए स्टीम प्रेशर का इस्तेमाल होता है और दरार या छेद के कारण दुर्घटना हो सकती है। इसलिए इसके इस्तेमाल में ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है।




प्रेशर कुकर और व्यंजन के अनुसार डालें पानी

प्रेशर कुकर में व्यंजन बनाने के लिए पानी का इस्तेमाल किया जाता है, इसलिए जब भी आप कोई भी व्यंजन बनाएं तो इसमें प्रेशर कुकर की क्षमता के अनुसार ही पानी डालें। इसके अलावा अलग–अलग खास व्यंजनों को पकाने के लिए आवश्यक पानी की मात्रा अलग–अलग हो सकती है और पानी डालते समय इसका बात की भी ध्यान रखें। कुकर में अधिक पानी न डालें और इसमें भांप बनने के लिए पर्याप्त जगह रहने दें।

खाना पकाने की प्रक्रिया से शुरू करें

व्यंजन के मुताबिक पानी डालने के बाद आपका अगला कदम सीटी को ठीक से लगाना, ढक्कन को सील करना और इसे गैस पर रखना होना चाहिए। सुनिश्चित करें कि आपने प्रेशर कुकर को अच्छी तरह से बंद किया है ताकि इससे कोई दुर्घटना न हो। इसके अलावा खाना बनाते समय प्रेशर कुकर की सीटी को न छुएं क्योंकि इससे खाना बनने में काफी समय लग सकता है।

ढक्कन तुरंत न खोलें

अगर आपने प्रेशर कुकर में कोई व्यंजन बनाया है तो इसके बनने के तुरंत बाद कुकर का ढक्कन न खोलें क्योंकि इसमें बहुत भांप होती है और इससे आप जल सकते हैं। बेहतर होगा कि आप पहले प्रेशर कुकर की भांप को निकालें। इसके लिए एक करछी का इस्तेमाल करके सीटी को थोड़ा उठाएं। इससे भांप बाहर निकल जाएगी और कुछ देर बाद आप आसानी से ढक्कन खोल सकते हैं।

# स्वरा भास्कर ने किया अपनी नई फिल्म का ऐलान

अभिनेत्री स्वरा भास्कर अब तक कई सफल फिल्मों में काम कर चुकी हैं। अपने अभिनय से वह दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब रही हैं। अब स्वरा ने अपनी नई फिल्म मिमांसा की घोषणा कर दी है। खास बात यह है कि वह इस फिल्म में जांच अधिकारी की भूमिका निभाने जा रही हैं। स्वरा ने बताया कि यह फिल्म उनके लिए बेहद खास है।स्वरा ने मिमांसा नामक एक मर्डर मिस्ट्री में दिखाई देंगी, जिसमें अभिनेता बिजेंद्र काला भी प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म में स्वरा एक जांच अधिकारी की भूमिका निभाती दिखेंगी।इसकी शूटिंग भोपाल में हुई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, स्वरा ने कहा कि फिल्म की शूटिंग का अनुभव उनके लिए नया था। फिल्म की शूटिंग के दौरान वह अपने कैरेक्टर में डूब गई थीं और उन्हें उम्मीद है कि फिल्म देखते वक्त दर्शक भी इस फिल्म में डूब जाएंगे।

स्वरा ने कहा, यह फिल्म मेरे लिए बेहद खास है, क्योंकि लॉकडाउन खत्म होने के बाद यह पहली ऐसी फिल्म है, जिसकी मैंने शूटिंग की। इससे मुझे अपने काम के प्रति कृतज्ञता की भावना बरकरार रखने में मदद मिली। उन्होंने कहा, इस बारे में ज्यादा कुछ बोले बगैर मैं बस यह कहने जा रही हूं कि फिल्म आपको एक रहस्यमय यात्रा पर ले जाएगी। यह एक शानदार मर्डर मिस्ट्री है। इसे देख आप सोचने पर मजबूर हो जाएंगे।

इस फिल्म का निर्देशन गगन पुरी ने किया है। यह मोफी और केपी प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही है। पुरी ने इस पर बात करते हुए कहा, हमने फिल्म में सस्पेंस को बनाए रखने की हरमुमकिन कोशिश की है। स्वरा भास्कर और बिजेंद्र जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों की मौजूदगी ने हमारी इस फिल्म में चार चांद लगा दिए हैं। फिलहाल फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है। यह इस साल के अंत में रिलीज हो सकती है।

स्वरा जल्द ही शॉर्ट फिल्म शीर कोरमा में नजर आएंगी। इसमें शबाना आजमी और दिव्या दत्ता भी अहम भूमिका निभा रही हैं। फिल्म के निर्देशक फराज आरिफ अंसारी ने किया है। मारिज्के डिसूजा इस फिल्म के निर्माता हैं। इसकी कहानी दो ऐसी महिलाओं के इर्द–गिर्द घूमती है, जो एक–दूसरे के प्यार में गिरफ्तार हैं। बता दें कि 34वें कनेक्टिकट एलजीबीटी फिल्म फेस्टिवल में शीर कोरमा ने सर्वश्रेष्ठ शॉर्ट फिल्म ऑडियंस अवॉर्ड जीता है।

# जाजर के ग्रामीणों ने किया विधायक कैड़ा का सम्मान



**अमर उजियारा संवाददाता**

नैनीताल। भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने रविवार को रामगढ़ ब्लॉक के ग्राम सभा जाजर, किलोर, सिरोड़ी, सुपी, देवटाडा का दौरा कर ग्रामीणों की समस्या सुनीं। जाजर के ग्रामीणों ने मोटर मार्ग स्वीकृत कराने पर विधायक को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। विधायक ने ग्रामीणों को बताया कि मल्ली सिनौली से जाजर मोटर मार्ग की प्रथम चरण की स्वीकृति शासन से मिल गई है। रामगढ़ के लोग डिग्री कॉलेज की मांग करते आ रहे हैं। डिग्री कॉलेज नहीं होने से छात्र–छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए हल्द्वानी या नैनीताल जाना पड़ता है। जल्दी ही रामगढ़ में डिग्री कॉलेज का जीओ होगा। यहां जिला पंचायत सदस्य कमलेश बिष्ट, गणेश गौड़, गोबिंद नेगी, लक्ष्मण सिंह, लक्षम सिंह, उदय सिंह, भीम सिंह, हीरा सिंह, पप्पू महरा, गोधन सिंह, सुरेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह नेगी, खीम सिंह नेगी, गोधन सिंह गुरदौड़ा, सुधांशु आर्य मौजूद रहे।

# दिल्ली के पर्यटकों ने की महिला एसआई से अभद्रता

**अमर उजियारा संवाददाता**



नैनीताल। दिल्ली से नैनीताल घूमने आए पर्यटकों ने महिला एसआई के साथ अभद्रता कर दी। एक महिला पर्यटक ने महिला पुलिस कर्मी के साथ हाथापाई की कोशिश की। जिस पर दिल्ली निवासी तीन पर्यटकों के साथ कानपुर निवासी एक महिला के खिलाफ अभद्रता, धमकाने व सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। रविवार दोपहर नैनीताल के तल्लीताल में पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी बीच काले सीसे लगी हिमाचल नंबर की एक कार को एसआई राजकुमारी ने रोका। जिस पर कार चालक भड़क गया और महिल पुलिसकर्मी से उलझने लगा। आरोप है कि कार सवार व उसके अन्य साथियों ने महिला पुलिस कर्मी को वर्दी उतरवाने तक की ध मकी दे डाली। कार में सवार एक महिला ने पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट करने की कोशिश की, जिससे मालरोड पर हंगामा हो गया। स्थानीय लोगों का गुस्सा बढ़ता देख पुलिस सभी आरोपियों को तल्लीताल थाने ले आई। थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि दिल्ली के बसंत विहार निवासी शिवम मिश्रा, विवेक व संदीप के साथ ही कानपुर निवासी महिला स्मिता के खिलाफ गाली गलौज, सरकारी कर्मी को धमकाने व सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। सोमवार को सभी को कोर्ट के समक्ष पेश किया जाएगा।

# अवैध शराब और स्मैक के खिलाफ महिलाओं ने कोतवाल को दिया ज्ञापन

नैनीताल। बिंदुखत्ता क्षेत्र की दर्जनभर महिलाओं ने कोतवाली में पहुंचकर क्षेत्र में धड़ल्ले से बेची जा रही कच्ची एवं पक्की शराब एवं स्मैक के कारोबार के खिलाफ कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक को ज्ञापन सौंपकर तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की जोरदार मांग की। बिंदुखत्ता क्षेत्र से कोतवाली में पहुंची महिलाओं ने कहा कि पिछले कुछ समय से बिंदुखत्ता के संजय नगर सहित विभिन्न गांवों में ध ड़ल्ले के साथ अवैध रूप से कच्ची एवं पक्की शराब तथा स्मैक का कारोबार किया जा रहा है। धंधे को अंजाम देने वाले तस्कर इस अवैध गतिविधियों का विरोध करने वालों को भी धमकियां देते हैं। जिससे ग्रामीणों में भय व्याप्त है। उन्होंने अभिलंब नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की कोतवाली पुलिस से मांग की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन देने वालों में विमला जोशी, आनंदी कार्की, कमला दानू, मंजू देवी, मधुली देवी, पार्वती देवी सहित दर्जनभर महिलाएं मौजूद रही।

## युवती से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

काशीपुर। युवती से छेड़छाड़ करने और मोबाइल फोन पर अश्लील बातें करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायाधीश ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। बीते दिनों कुंडा थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी थी। बताया था कि गांव के ही निवासी संजू पुत्र धर्मा उसकी बेटी को फोन कर अश्लील बातें करता है। रास्ते में उसे अकेला पाकर उसके साथ गंदी हरकतें करने का प्रयास करता है।


# अवैध शराब और स्मैक के खिलाफ महिलाओं ने कोतवाल को दिया ज्ञापन

नैनीताल। बिंदुखत्ता क्षेत्र की दर्जनभर महिलाओं ने कोतवाली में पहुंचकर क्षेत्र में धड़ल्ले से बेची जा रही कच्ची एवं पक्की शराब एवं स्मैक के कारोबार के खिलाफ कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक को ज्ञापन सौंपकर तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की जोरदार मांग की। बिंदुखत्ता क्षेत्र से कोतवाली में पहुंची महिलाओं ने कहा कि पिछले कुछ समय से बिंदुखत्ता के संजय नगर सहित विभिन्न गांवों में ध ड़ल्ले के साथ अवैध रूप से कच्ची एवं पक्की शराब तथा स्मैक का कारोबार किया जा रहा है। धंधे को अंजाम देने वाले तस्कर इस अवैध गतिविधियों का विरोध करने वालों को भी धमकियां देते हैं। जिससे ग्रामीणों में भय व्याप्त है। उन्होंने अभिलंब नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की कोतवाली पुलिस से मांग की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन देने वालों में विमला जोशी, आनंदी कार्की, कमला दानू, मंजू देवी, मधुली देवी, पार्वती देवी सहित दर्जनभर महिलाएं मौजूद रही।


# आर्थिक मदद की घोषणा पर लोक कलाकारों ने किया सीएम का आभार व्यक्त



देहरादून। संस्कृति विभाग से पंजीकृत उत्तराखंड के कलाकारों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर लोककलाकारों को आगामी पांच माह तक दो हजार रुपये प्रति कलाकार देने के निर्णय पर आभार जताया। कलाकारों ने सीएम से कहा कि वे लम्बे समय से आर्थिक मुश्किलों को झेल रहे हैं और अभी तक अपनी उपेक्षा से बेहद दुखी भी थे। सीएम ने कलाकारों की हरसंभव मदद का भरोसा दिया। सीएम आवास में हुई मुलाकात में सीएम ने कलाकारों की समस्याओं को सुना और कहा कि उनके पास काम करने का समय काफी कम है, ऐसे में वह हर समस्याओं को सुनकर उसके त्वरित हल का विशेष प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दूरस्थ गांवों में रहने वाले बुजुर्ग व गरीब कलाकारों तक मदद पहुंचाने में सरकार अपने स्तर पर प्रयास कर रही है। सीएम से मुलाकात करने वालों में कलाकार हेमंत बुटोला, सुभाष देवराड़ी, जौनसारी लोक कलाकार नंदलाल भारती, कुमाऊं लोक कलाकार महासंघ के सचिव गोपाल सिंह चमियाल, रिंकू राणा, राजेंद्र सिंह मेहता, कोमल राणा, बंटी राणा आदि ने सीएम को सरस्वती देवी का चित्र व स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस मौके पर पर अमित बाबू गोस्वामी ने स्वर्गीय गोपाल बाबू गोस्वामी के एक गीत को भी गाया।

# पूर्व सीएम हरीश रावत ने क्रिकेटर स्नेह राणा से भेंट कर सम्मानित किया



देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने मालसी क्षेत्र के सिनौला ग्राम में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी स्नेह राणा के निवास पर उनसे भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रदान की। हरीश रावत ने स्नेह राणा के क्रिकेट में उत्कृष्ट प्रदर्शन की निरंतरता को सराहा एवं राज्य के युवाओं को उनकी इस लगन व परिश्रम से सीख लेने को कहा। उन्होंने कहा की एक ओर जहां उत्तराखंड की बेटी स्नेह राणा ने अपने डेब्यू टेस्ट मैच में ही इंग्लैंड में इतिहास रचा और अपने पहले ही टेस्ट मैच में एक पारी में चार विकेट और 50 से अधिक रन बनाकर भारत की पहली महिला खिलाड़ी बनी और साथ ही साथ वो ऐसा कारनामा करने वाली दुनिया की चौथी खिलाड़ी भी बनी, जोकि सभी के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर मालसी पार्षद सुमेंद्र सिंह बोहरा, नितेंद्र सिंह बोहरा, रविन्द्र सिंह खरोला, संदीप कुमार, भीम सिंह राणा, रघुवीर सिंह, बहादुर सिंह, शोभा देवी, नवीन राणा, रोहित क्षेत्री, सुंदर पुंडीर, नितिन भण्डारी, निर्मल असवाल, गौरव गुलेरिया, गुलाब सिंह, शुभम सिंह, दर्शन राणा, मोहन थापली मौजूद रहे।

# निर्माणधीन सड़क से ग्रामीणों के भवनों को खतरा पैदा

नई टिहरी। भिलंगना ब्लाक के नैलचामी पट्टी में निर्माणाधीन मुयाल गांव–गौरिया–चामी मोटर मार्ग के कारण ग्रामीणों के भवनों को खतरा पैदा हो गया है। साथ ही गांव के पैदल रास्ते भी क्षतिग्रस्त हो गए। ग्रामीणों ने इस संबंध में कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत करवाया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया। प्रभावित परिवार अपने घरों में डर के साये में रहने को मजबूर है। ग्रामीण भीम सिंह मेहता ने पीएमजीएसवाई के अधिशासी अभियंता को पत्र भेजकर बताया, कि गांव के नीचे से नव निर्माणाधीन मोटरमार्ग पर कटिंग के भारी भूस्खलन होने से उनका एंव एक अन्य ग्रामीण खिलानंद गोदियाल का मकान खतरे की जद में आ गया है। सड़क कटिंग के मलबे से उनका आम का बगीचा तथा गांव के संपर्क मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो गया है। उन्होंने विभाग अधिकारियों से शीघ्र स्थलीय निरीक्षण कर उनके भवनों की सुरक्षा हेतु सुरक्षा दीवार लगाने की मांग की है। कहा जब तक उनके भवनों के लिए सुरक्षा दीवार नहीं लगाई जाती

# ट्विटर के माध्यम से उठाई पुरानी पेंशन बहाली की माँग

रुद्रप्रयाग। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर रविवार को अपनी आवाज ट्विटर के माध्यम से उठाई। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री से लेकर सभी सांसद आदि को ट्वीट कर पेंशन बहाली की मांग की। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीपी सिंह रावत एवं केंद्रीय कार्यकारिणी के आह्वान पर सभी 60 लाख एनपीएस आच्छादित कर्मचारी शिक्षक, अधि कारी एवं प्रदेश कार्यकारिणी अधयक्ष, महासचिव, उत्तराखंड एवं सदस्य राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा रुद्रप्रयाग के सभी पदाधिकारी एवं एनपीएस आच्छादित कर्मचारी शिक्षक अधिकारी ने रविवार को कार्यक्रम में भाग लिया। सभी ने भारतीय संसद के वर्तमान में चल रहे मानसून सत्र तक सरकारी कर्मचारियों को पुनः पुरानी पेंशन बहाली के लिए अपनी आवाज को ट्विटर अकाउंट से प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री, मुख्यमंत्री को टैग करते हुए हैश टैग मानसून सेशन रिस्टोर ओपीएस ट्वीट रीट्वीट किया। बीते कई वर्षों से सरकारी कर्मचारी पुरानी पेंशन व्यवस्था को पुनः बहाली की मांग करते आ रहे हैं। अभी तक कर्मचारी अपनी पुरानी पेंशन बहाल करने के लिए शांत तरीके से जनप्रतिनिधियों, शासन, प्रशासन के माध्यम से राज्य सरकार और केंद्र सरकार को दे चुके हैं किन्तु भारत सरकार के साथ ही राज्य सरकारों ने अभी तक कर्मचारियों की जनकल्याणकारी योजना पुरानी पेंशन बहाल करने की पहल पर कोई ध्यान नहीं दिया है। जिससे 60 लाख एनपीएस आच्छादित कर्मचारियों में आक्रोश है। वह अभी तक अपनी कमाई का करोड़ों रुपए एनपीएस में लगा चुके हैं, किन्तु रिटायरमेंट में कर्मचारी हजार, बारह सौ मिल रही है। कर्मचारी की कमाई के रुपए शेयर बाजार में डूब चुका है। गढ़वाल मंडल महासचिव नरेश कुमार भट्ट, गढ़वाल मंडल महिला उपाध्यक्ष रश्मि गौड़, रुद्रप्रयाग में राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के शंकर ने ट्विटर पर आवाज बुलंद की। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा ने अखिल भारतीय ट्विटर अभियान को सफल बनाने के लिए सभी का आभार जताया।

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में फरार इनामी बदमाश मुंबई से गिरफ्तार



देहरादून। एसओजी की टीम ने मुंबई से नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में एक इनामी बदमाश को धर-दबोचा है। आरोपित 2017 से लगातार फरार चल रहा था। 29 जुलाई को एसओजी ने आरोपित मुनाजिर को दहिसर चौक होटल सागर के सामने कश्मीरा ठाणे मुंबई से गिरफ्तार किया। एसएसपी डॉक्टर योगेंद्र सिंह रावत ने बताया कि पांच हजार का इनामी बदमाश मुनाजिर निवासी ग्राम बलवा जिला अररिया बिहार 2015 के दौरान पटेल नगर क्षेत्र में एक 12 साल की बच्ची को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था, जहां आरोपित ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस टीम ने बच्ची को पानीपत से बरामद करते हुए आरोपित को गिरफ्तार किया था। 2017 में जमानत पर छूटने के बाद वह फरार हो गया और बिहार चला गया। पुलिस लगातार उसके ठिकानों पर दबिश देती रही लेकिन वह अपने ठिकाने और नाम बार-बार बदलता रहा। हालांकि, इस बार वो पुलिस के हत्थे चढ ही गया।

# उपनल कर्मचारी महासंघ की प्रदेश एवं जिला कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक आयोजित

## इस कैबिनेट में भी उपनल कर्मचारियों का मामला नहीं आया तो अगले दिन से बैठेंग




देहरादून। आज उपनल कर्मचारी महासंघ की प्रदेश एवं जिला कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक संघ भवन यमुना कॉलोनी देहरादून में आयोजित की गई, बैठक में सभी जिला पदाधिकारी एवं प्रदेश पदाधि कारी पदाधिकारियों ने अपनी बात विस्तार से रखें जिसमें मुख्य बिंदु यहां रहा कि आने वाले कैबिनेट में उपनल कर्मचारियों का मामला सरकार लेकर आए जिसमें समस्त उपनल कर्मचारी का भविष्य जुड़ा हुआ है अगर इस कैबिनेट में भी उपनल कर्मचारियों का मामला नहीं आता है तो उपनल कर्मचारी महासंघ के समस्त जिला एवं प्रदेश पदाधिकारी आंदोलन में अगले दिन से बैठेंगे उसकी पूर्ण जिम्मेदारी सरकार की होगी साथ ही समस्त जिला कार्यकारिणी में प्रदेश कार्यकारिणी के सामने प्रदेश महामंत्री हेमंत सिंह रावत द्वारा आय-व्यय का विवरण भी दिया गया साथ ही समस्त पदाधिकारियों को कहा भी है कि 56 दिन के आंदोलन समस्त कर्मचारियों ने महासंघ का साथ दिया और जो भी निर्णय महासंघ लेगा उसका साथ समस्त कर्मचारी देंगे ऐसा भरोसा जताया, बैठक में प्रदेश अध्यक्ष को कुशाग्र जोशी ,प्रदेश महामंत्री हेमंत सिंह रावत, विनोद गोदियाल, विनय प्रसाद, नागेंद्र मंडोली, निशांत पुंडीर,सुभाष डोभाल, जीतराम, दिनेश लाल, नवीन सिंह, मयंक चौहान, राज सिंह,दयाल सिंह राणा, अभिनव जोशी,विपिन असवाल, राशिका रावत, पूजा पांडे, दीपा कंसल, आरती चौध री, गरिमा डोभालब अनीता रावत, सरस्वती कांडपाल, अमित लाल,अंकित असवाल, संजय सेमवाल, विमल गुप्ता,आदि मौजूद रहे

# विस अध्यक्ष ने बाँटे ग्राम प्रधानों को 30-30 हजार के चेक




ऋषिकेश। विस अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने क्षेत्र की ग्राम पंचायतों को 30-30 हजार के चेक दिए हैं। उन्होंने ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों से कोरोना की संभावित तीसरी लहर से बचने को समुचित व्यवस्थाएं बनाने को कहा। रविवार को बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विस अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने विभिन्न ग्राम पंचायतों को कोरोना संक्रमण से निजात पाने के लिए मास्क, सेनेटाइजर वितरित किए। साथ ही अन्य सुविधाओं को दुरुस्त करने के लिए 30-30 हजार के चेक भेंट किए। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण का प्रभाव भले ही कम हुआ है, लेकिन पूर्णतया अभी समाप्त नहीं हुआ है। इसलिए मास्क, सेनेटाइजर का उपयोग नियमित करना अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के संसाधनों का अभाव रहता है। अधिकांश ग्रामीण अपनी समस्या को लेकर ग्राम प्रधान के पास पहुंचते हैं। ग्राम प्रधानों एवं विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने अपने स्तर से भी जरूरतमंदों के लिए लॉकडाउन के दौरान भरपूर सहयोग किया। कहा कि कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर की संभावना को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। इसलिए विस अध्यक्ष विवेकाधीन कोष से विभिन्न ग्राम प्रधानों को 30-30 हजार रुपये के चेक भेंट किए गए हैं। जबकि कुछ ग्राम पंचायतों में क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए गए हैं।

# रक्षा राज्यमंत्री को बताई कैंट क्षेत्र की समस्याएं



देहरादून। क्लेमनटाउन कैंट की प्रमुख समस्याओं को लेकर बीजेपी नेता महेश पाण्डे ने भारत के रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट से दिल्ली में मुलाकात की। महेश पाण्डे ने अजय भट्ट को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि वे कैंट क्षेत्रवासियों की समस्याओं का जल्द निदान करेंगे। महेश पांडेय ने क्लेमनटाउन में प्रस्तावित ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक खोलने की मांग की। पांडेय ने कहा कि 2019 में तत्कालीन रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने क्लेमनटाउन में जनता के सम्मुख घोषणा की थी कि क्षेत्र में बहुत जल्द ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक खुलेगा और सीवर लाइन बिछाने की भी घोषणा की थी। लेकिन अभी तक दोनों घोषणाएं रक्षा मंत्रालय में अनुमोदन के लिए लंबित पड़ी हैं। वार्ड छह और सात में सेना के सिविल एरिया में प्राइवेट भूमि पर भवन निर्माण को लेकर जो प्रतिबंध लगा है उसे हटाने की मांग की। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट को क्लेमनटाउन की बहु प्रत्यक्षित पेयजल योजना जो कि पूरी हो गयी है का लोकार्पण के लिए निमंत्रित किया। पांडेय ने कहा कि अजय भट्ट ने उन्हें आश्वासन दिया कि वे 15 अगस्त के बाद स्वयं क्लेमनटाउन में आएंगे और पेयजल योजना का लोकार्पण करेंगे। साथ ही ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक भी खुलेगा और सेना द्वारा सिविल क्षेत्रों में लगाया गया प्रतिबंध की फाइल भी वे मंगाकर हर संभव लोगों के हित में निर्णय लेंगे।

# प्रदेश सरकार ने प्रत्येक गांव में मूलभूत सुविधा मुहैया कराई: चौहान

विकासनगर। प्रदेश सरकार ने प्रत्येक गांव को विकास की मुख्यधारा से जोड़कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाया है। इसके लिए सरकार योजनाओं का संचालन पारदर्शिता के साथ किया और अभी भी कर रही है। प्रत्येक गांव में मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। अब प्रदेश सरकार का फोकस सुविध ाओं को बढ़ाने पर है। ये बातें विकासनगर विधायक मुन्ना चौहान ने छरबा गांव में कही। विधायक चौहान रविवार को छरबा गांव में खेड़ा मंदिर के पास लगे हैंडपंप के बोरिंग कार्य का निरीक्षण कर रहे थे। ग्रामीणों की मांग पर यहां हैंडपंप लगाया जा रहा है। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधि कारियों को मौके पर ही निस्तारण के निर्देश विधायक ने दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के गठन के बाद से ही सरकारी अमले ने गांवों का रुख किया है, जिससे गांवों में विकास की किरण पहुंची है। सरकार ने प्रत्येक गांव को उसके मूल स्वरूप में ही विकसित कर सभी सुविधाएं मुहैया कराई हैं, जिससे गांवों के पारंपरिक सामाजिक ताने-बाने को नुकसान न हो। कहा कि ग्रामीण संस्कृति को बनाए रखते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार पहुंची है। उन्होंने ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं के सफल संचालन में सहयोग देने और गांवों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाने की सलाह दी। साथ ही कहा कि विधान सभा चुनाव से पूर्व क्षेत्र के लिए सभी स्वीकृत योजनाओं का निर्माण शुरु करा दिया जाएगा। ग्रामीणों ने विध ायक को बिजली, पानी की समस्याओं की जानकारी दी, जिस पर उन्होंने ऊर्जा निगम और जल संस्थान अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख जसविंदर सिंह, ग्राम प्रधान अमीर खान, मुन्ना खां, पूर्व प्रधान रूमीराम जसवाल, रणजीत सिंह, भूमि सिंह, मुकेश, धर्मचंद्र, जोगिंदर, बबलू आर्य आदि मौजूद रहे।



# बारिश से मलिन बस्तियों के प्रभावित परिवारों को राहत देने की मांग

देहरादून। कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने मूसलधार बारिश के कारण सतोवाली घाटी, बिंदाल व रिस्पना नदी किनारे बसी मलिन बस्तियों के प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत देने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में जिलाधिकारी डा. आर राजेश कुमार को ज्ञापन दिया है। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार व कांग्रेस महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा कांग्रेस के नेतृत्व में कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिला। राजकुमार ने कहा कि कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है। जिसके कारण पूरा शहर ही प्रभावित हो चुका है। निकासी न होने से पानी घरों में घुस रहा है। राजपुर और कैंट विधानसभा अंतर्गत इंद्रेशनगर, खदरी मोहल्ला, कांवली रोड, छबील बाग, चुक्खूवाला, विजय कालोनी, रिस्पना नदी से डीएल रोड, आर्यनगर, नालापानी रोड, राजेश रावत कालोनी, चदर रोड, महात्मा गांधी बस्ती, नई बस्ती नेमी रोड, पुरन बस्ती, पंचपूरी कालोनी, संजय कालोनी, नई बस्ती, तेगबहादुर रोड, बलबीर रोड, राजीव कालोनी, चंदरनगर, रेसकोर्स, गोविंदगढ़, दीपलोक कालोनी आदि क्षेत्र प्रभावित हैं। बिंदाल नदी के किनारे बसे लोग भी डर के साये में रात काटने को मजबूर हैं। कई जगह पुल और पुश्ते क्षतिग्रस्त हुए हैं। ऐसे में इन क्षेत्रों में जल्द मरम्मत की जानी चाहिए। साथ ही प्रभावित परिवारों के रहने और खाने का बंदोबस्त किया जाए। इस दौरान पार्षद निखिल कुमार, शशांक थपलियाल आदि शामिल रहे।

## देश और शहर को स्वच्छ रखना प्रत्येक नागरिक की ज़िम्मेदारी–अमित मुल्तानियां



हरिद्वार। समाजसेवी अमित मुल्तानिया के नेतृत्व कार्यकर्ताओं ने जटवाड़ा पुल स्थित गंगा घाट पर स्वच्छता व जागरूकता अभियान चलाया। इस मौके पर अमित मुल्तानिया ने कहा कि अपने क्षेत्र को सुरक्षित एवं स्वच्छ रखें। इसको लेकर पिछले 4 वर्षों से लगातार प्रत्येक रविवार समस्त हरिद्वार क्षेत्र में गंगा घाटों की सफाई के लिए मुहिम चलायी जा रही है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि जिस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति अपने घर को स्वच्छ और सुरक्षित रखता है। उसी प्रकार हमें अपना षहर और देष भी स्वच्छ व सुरक्षित रखना होगा। गंगा घाटों को स्वच्छ व सुन्दर बनाए रखने के लिए कार्यकर्ता पूरे जोष के साथ प्रत्येक रविवार को अभियान चलाते हैं। अभियान से युवा वर्ग को एक सकारात्मक दिषा मिल रही है। इसके अलावा गरीब बच्चों को षिक्षण सामग्री वितरण व क्षेत्र में वक्षारोपण और समाज को कुरीतियों के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान भी निरंतर चलाए जा रहे है। सुमित षर्मा ने कहा कि प्रत्येक युवा साथी व बहनों को जागरूकता अभियान से जुड़ने की आवष्यकता है। दलित आर्मी के जिला मंत्री दिग्विजय सिंह रवि ने कहा कि एक जागरूक नागरिक का परिचय देते हुए सभी को सेवा अभियान से जुड़ना चाहिए।

## आयुरप्लांट मिशन की ब्राण्ड एम्बेसडर यशष्वी शर्मा के संयोजन में गांधी पार्क में किया गया पौधारोपण

हरिद्वार। आयुरप्लांट मिशन की ब्राण्ड एम्बेसडर यशस्वी शर्मा एवं ओम आरोग्यम योग मंदिर के संयुक्त तत्वाधान में आईसीएआई की सीए ब्रांच के साथ भेल स्थित गांधी पार्क में गिलोय, एलोवेरा, नीम, पीपल, कदम के साथ ही अनेक पुष्पों के पौधे लगाए गए। इस दौरान यषस्वी षर्मा ने कहा कि षहर को हरा भरा बनाने के लिए षहर के लोग आगे आकर सहयोग कर रहे हैं। अब हमारे साथ षहर के अनेक लोग जिसमें बड़ों के साथ–साथ बच्चे भी मिलकर पौधारोपण करने में सहयोग कर रहे हैं। सभी के सहयोग से ही पर्यावरण का हराभरा बनाया जा सकता है। जितने ज्यादा लोग साथ जुड़ेंगे उतने ही ज्यादा पेड़ पौधे लग सकेंगे। जिससे मिषन अधिक तेज गति से आगे बढ़ेगा तथा जल्द ही चारों ओर हरियाली देखने को मिलेगी। ओम आरोग्यम योग मंदिर के संस्थापक योगी रजनीश ने बताया कि पार्क में आयुरप्लांटस के साथ फूलों के पौधे भी लगाए गए हैं। जिससे पार्क में घूमने आने वाले लोगों को षारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य प्राप्त होगा। सीए



गिरीष मोहन ने कहा कि षहर को हराभरा बनाने में यषस्वी षर्मा महत्वपूर्ण योगदान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि कोविड काल में सभी लोग अच्छे स्वास्थ्य और ऑक्सीजन के महत्व को समझ चुके हैं। पौधारोपण आज के समय की सबसे बड़ी आवष्यकता है। इस तरह के कार्यक्रम निरंतर आयोजित होने चाहिए। कार्यक्षमता सही बनाए रखने के लिए उत्तम स्वास्थ्य बेहद जरूरी है। सभी को आगे आकर पौधारोपण में सहयोग करना चाहिए। सीए गिरीष मोहन, सीए अंकुर अग्रवाल, सीए अनिल जैन, सीए प्रमोद जैन, सीए विकास बंसल, सीए राकेष तनेजा, गौरव कुमार एचडीएफसी ब्रांच मैनेजर, अश्विन, मोहिनी, नैना, प्रिशा आदि ने भी पौध ारोपण में प्रतिभाग किया।

## व्यापारियों ने की मनसा देवी रोपवे संचालन शुरू करने की मांग

### जल्द रोपवे संचालन शुरू नहीं हुआ तो आमरण करेंगे व्यापारी–नीरज सिंघल



हरिद्वार। व्यापारियों ने प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले प्रदर्षन कर सरकार से मनसा देवी रोपवे जल्द खोलने की मांग की है। इस अवसर पर प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमण्डल के जिलाअध्यक्ष डा.नीरज सिंघल ने कहा कि पिछले 4 महीनों से रोपवे सेवा बंद है। कोरोना की मार से हरिद्वार का व्यापारी पहले ही आहत है। कुम्भ और कावड़ मेला सरकारी उदासीनता का षिकार हो गए। अब रोपवे सेवा को भी बंद कर दिया गया है। जिसके कारण स्थानीय व्यापारी वर्ग तो परेषान है ही हजारों आस्थावान श्रद्धालु मां मनसा देवी के दर्षन करने से वंचित भी हो रहे हैं। रोपवे सेवा बंद होने से चारों ओर सन्नाटा पसरा हुआ। आजीविका के लिए रोपवे के संचालन पर निर्भर नारियल प्रसाद बेचने वाले हजारों परिवार भूखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं। सिंघल ने कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर रोपवे सेवा संचालित करने की अनुमति षासन और प्रषासन द्वारा नहीं प्रदान की गई तो पहले सांकेतिक धरना उसके बाद आमरण अनषन प्रारंभ किया जाएगा। जिला महामंत्री संजय त्रिवाल ने कहा विगत 40 वर्षों से उशा ब्रेको कंपनी सफलतापूर्वक मनसा देवी रोपवे का संचालन कर रही है। रोपवे सेवा से हजारों परिवार को रोजगार मिला। आसपास के क्षेत्र के आर्थिक विकास में भी कंपनी का महत्वपूर्ण योगदान है। रोपवे सेवा बंद होने से दिव्यांग, महिलाएं, बुजुर्ग व बच्चे मां मनसा देवी के दर्षन करने नहीं पहुंच पा रहे हैं। रोपवे बंद होने से हर की पैड़ी, अपर रोड, मोती बाजार का समस्त व्यापार चौपट हो गया है। कोरोना की मार के चलते कुंभ मेला फेल होने और कावड़ यात्रा बंद होने से व्यापारी बेहद दुष्वारियों को सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रोपवे बंद होने से मां मनसा देवी मंदिर को मिलने वाली दानराषि में भारी कमी आयी है। मंदिर ट्रस्ट कर्मचारियों को वेतन और अन्य सुविधाएं देने में भारी दिक्कतों का सामना कर रहा है। त्रिवाल ने आरोप लगाते हुए कहा कि हिंदूवादी भारतीय जनता पार्टी सरकार की स्थिति कालिदास की तरह हो गई है। वह जिस डाल पर बैठी है, उसे ही काट रही है। उन्होंने मांग की कि सरकार जल्द से जल्द रोपवे संचालन षुरू कराए। मां मनसा देवी व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनोज बिष्नोई ने कहा कि व्यापारियों के सब्र टूट चुका है। यदि रोपवे संचालन जल्द षुरू नहीं किया गया तो व्यापारी सड़कों पर उतर कर धरना प्रदर्षन करने को बाध्य होंगे। व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष हरि सिंह सोनी ने कहा कि रोपवे सेवा बंद होने से सभी व्यापारी परेषान हैं तथा भूखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं। प्रदर्षन करने वालो में राजेष गुप्ता, रवि कुमार लड्डू, विनोद पहलवान, नितीन जाटव, राकेष जाटव, राजेन्द्र जाटव, मनीष तोमर, पवन कुमार, मिन्टू कुमार, महेष महेश्वरी, अजय विष्नोई, हरि सिंह सोनी, तरूण कुमार, संतोष षर्मा, लक्की, गोपाल आदि व्यापारी षामिल रहे।

## जनसमस्याओं के निराकरण में किल रहे हैं विधायक–विमला पाण्डे

हरिद्वार, । रानीपुर विधानसभा क्षेत्र के रोषनपुरी में महिलाओं की बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष विमला पांडे ने कहा कि लगातार दो कार्यकाल के बावजूद क्षेत्रीय विधायक आदेष चौहान जनसमस्याओं का निराकरण कराने में पूरी तरह विफल रहे हैं। टिहरी विस्थापित, सुभाश नगर, रामधाम कालोनी सहित तमाम क्षेत्रों में जलभराव की



समस्या लंबे समय से बनी हुई है। जिसका समाधान विधायक आज तक नहीं करा पाए।अब चुनाव नजदीक देख विधायक और भाजपा कार्यकर्ता जनता के हितैशी होने का ढंग कर रहे हैं। विमला पाण्डे ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार व राज्य की डबल इंजन सरकार जनसमस्याओं का समाधान व जनता से किए वादों को पूरा करने में पूरी तरह नाकाम रही है। बेरोजगारी व महंगाई के चलते गरीबों का जीना मुहाल हो गया है। सिडकुल में फैक्ट्री कर्मचारी अपनी समस्याओं को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। लेकिन विधायक या सरकार के किसी नुमाइंदे ने उनकी समस्या के समाधान का प्रयास नहीं किया। विमला पांडे ने कहा प्रदेष में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। डबल इंजन की सरकार महिलाओं को सुरक्षा देने में पूरी तरह नाकाम रही है। पर्यवेक्षक आरती निर्मोही ने कहा कि कांग्रेस ने हमेषा गरीबों, मजदूरों, मध्यम वर्ग की समस्याओं को दूर करने का काम किया है। पुश्पा षोक्टा ने कहा कि जनता से झूठ बोलकर सत्ता में आयी बीजेपी सरकार जनता के राहत देने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से त्रस्त जनता बदलाव का मन बना चुकी है। आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत निष्चित है। महंत सुशमा दास ने कहा कि बीजेपी की सत्ता से विदायी तय है। बैठक में बबीता, सोनी, सत्तू, मधु, विनीता, आषा, नीरजा, राधिका, मधु, रानी, सीमा आदि सहित कई महिलाएं मौजूद रही।

## अपने घर का सपना पूरा करेगा डीपीएस रिएलिटी–संजय कुमार

हरिद्वार। रेरा द्वारा स्वीकृत बष्ज अपार्टमेंट का षुभारंभ रविवार को हरिद्वार ग्रीन अपार्टमेंट रोषनाबद में किया गया। जिसमें 36 फ्लैट का निर्माण किया जा रहा है। डीपीएस रिएलिटी के स्वामी संजय कुमार ने बताया कि रेरा अप्रूव्ड प्रोजेक्ट्स ब्रिज अपार्टमेंट के 36 फ्लैट 3 बीएचके के दीप गंगा में बनाए गए हैं। संजय कुमार ने बताया कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त अपार्टमेंट में रहने वालों को पार्क, स्कूल, प्रीमियम क्लब हाउस, नर्सिंग होम, षॉपिंग कंपलेक्स की सुविधाएं भी उपलब्ध होगी। साथ ही सुरक्षा की दृश्टि से सुरक्षाकर्मी उपलब्ध कराए गए हैं। पार्किंग में भी सुरक्षित व्यवस्था की गई है। संजय कुमार ने कहा कि अपने घर का सपना पूरा करने के उद्देष्य से अपार्टमेंट में कमरे तैयार किए गए हैं। प्रत्येक वर्ग की पहुंच के हिसाब से कमरों का निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया कि महिलाओं, बच्चों, वष्द्धजन की सुरक्षा का विषेश ध्यान रखा गया है। सुन्दर पार्क की व्यवस्था को भी किया गया है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## दयालु एवं कृपालु देव हैं भगवान शिव–स्वामी आनंद गिरी

हरिद्वार। युवा भारत साधु समाज के अंतर्राश्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी आनंद गिरी महाराज ने श्रावण मास के दौरान चलने वाली भगवान षिव की विषेश आराधना पर श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि संपूर्ण सश्श्टि षिव मय है और श्रावण मास भगवान षिव की आराधना को समर्पित है। जो भगवान षिव को अत्यंत प्रिय होता है। श्रद्धा पूर्वक की गई देवों के देव महादेव भगवान षिव की आराधना सहस्त्र गुणा पुण्य फलदाई होती है। जो श्रद्धालु भक्त भगवान षिव की षरण में आ जाता है। भगवान भोलेनाथ उसको सुख समष्द्धि प्रदान कर उसका उद्धार करते हैं। ष्यामपुर कांगड़ी स्थित श्री गंगा सेना विक्रम आश्रम में श्रद्धालु भक्तों को षिव आराधना का महत्व समझाते हुए स्वामी आनंद गिरी महाराज ने कहा कि भगवान षिव बहुत ही दयालु एवं कृपालु हैं। जो भक्तों की सूक्ष्म आराधना से प्रसन्न होकर उन्हें मनवांछित फल प्रदान करते हैं। देवभूमि उत्तराखंड स्थित धर्मनगरी हरिद्वार एक पौराणिक तीर्थ स्थल है। जहां आने वाले सभी श्रद्धालु भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। बेलपत्र, भांग, धतूरा भगवान षिव को अत्यंत प्रिय है। विधि विधान से की गई भगवान षिव की आराधना व्यक्ति के जीवन में अपार सफलताएं लाती हैं। स्वामी आनंद गिरी महाराज ने कहा कि देवों के देव महादेव भगवान षिव की असीम कृपा से जल्द ही कोरोना महामारी समाप्त होगी और देष दुनिया में खुषहाली लौटेगी। उन्होंने सभी देषवासियों से अपील करते हुए कहा कि जब तक कोरोना का संक्रमण समाप्त नहीं हो जाता। तब तक सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन अवष्य करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। क्योंकि सतर्कता और बचाव से ही इस बीमारी से लड़ा जा सकता है। संपूर्ण संत समाज भगवान भोलेनाथ से कामना करता है कि उनका आर्शीवाद सभी लोगों पर बना रहे और संपूर्ण विश्व खुषहाली की ओर लौटे।

# संक्षिप्त समाचार

## स्वास्थ्य मंत्री ने वैक्सीनेशन सेंटरों का लिया जायजा

पौड़ी। स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत ने पाबौ में वैक्सीनेशन सेंटर का निरीक्षण, राशन कार्ड वितरण, मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से स्वीकृत आर्थिक सहायता के चौक लाभार्थियों को वितरित किए। इस दौरान उन्होंने वैक्सीनेशन सेंटर का निरीक्षण कर सभी से टीका लगवाने की अपील की। साथ ही उन्होंने संबंधित डॉक्टरों को अधिक से अधिक टीका लगवाने को कहा। रविवार को स्वास्थ्य मंत्री डा.धन सिंह रावत ने अपने भ्रमण के दौरान राइंका चोपडियों में वैक्सीनेशन सेंटर का निरीक्षण कर वहां टीका लगवाने आए लोगों से मुलाकात की। कहा कि सभी वैक्सीनेशन सेंटरों में पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध है। उन्होंने संबंधित डॉक्टरों से अब तक लगे टीकाकरण की जानकारी ली। कहा कि दूर दराज क्षेत्रों में कैम्प के माध्यम से टिका लगवाए, जिससे बुजुर्ग सहित अन्य लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। उन्होंने राइंका पाबौ में वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत राशन कार्डों का वितरण किया। कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि हर परिवार तक राशन समय पर पहुंचना है। जिससे हर घर में समय से पहले राशन उपलब्ध कराई जा रही है। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी, अध्यक्ष संपत रावत, राज्य सहकारी संघ के अध्यक्ष मातबर सिंह रावत, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष नरेंद्र सिंह रावत, जिला पंचायत सदस्य पुष्पा देवी, मण्डल अध्यक्ष दीपक रावत, डा. पंकुज सिंह, डा. मानवेंद्र तिवारी, हेमेंद्र सिंह आदि शामिल थे।

## अवैध लीसे से भरे ट्रक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

पौड़ी। सतपुली पुलिस टीम को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस टीम ने पौड़ी–कोटद्वार रोड पर ओडलसैंण बेंड के पास चेकिंग के दौरान अवैध लीसे से भरे ट्रक के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सतपुली संतोष पैथवाल ने बताया कि रविवार को चेकिंग के दौरान एक ट्रक में लीसा पाया गया। चालक व परिचालक कोई रमन्ना ओर वैध कागजात नहीं दिखा पाए। अवैध लीसे को ले जाने के जुर्म में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से 312 टिन लीसा बरामद हुआ है। बताया कि अवैध लीसा ले जाने के आरोप में उमेश सिंह पुत्र धर्म सिंह निवासी जैती थाना चोखटिया अल्मोड़ा और संतोष पुत्र त्रिलोक राम निवासी कुंवाली रानीखेत को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि बरामद लीसे को भिकयासैंण के मैसी क्षेत्र से लेकर आ रहे थे। बरामद लीसे की अनुमानित लागत करीब 4 लाख 10 हजार है। पुलिस टीम में कांटेबल सुरवीर, अर्जुन, देशराज शामिल रहे।

## आज से होगा ईसीएचएस स्मार्ट कार्ड का वितरण

पौड़ी। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कार्यालय में सोमवार से ईसीएचएस स्मार्ट कार्ड वितरण किया जाएगा। ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक पौड़ी के प्रभारी अधिकारी ले.कर्नल सेवानिवृत्त कृष्ण चंद्र ने बताया कि पूर्व सैनिको व उनके आश्रितों को दो से चार अगस्त के बीच ईसीएचएस स्मार्ट कार्ड वितरित किए जाएंगे। स्टेशन हेडक्वाटर लैंसडाउन से कार्ड मुख्यालय पहुंच चुके हैं। कहा कि पूर्व सैनिक व आश्रित ऑनलाइन स्लिप, पीपीओ, डिस्चार्ज बुक, पेन कार्ड, आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ ही डीपीडीओ फार्म व पुराना ईसीएचएस कार्ड भी साथ लाना है।

## ग्रामीणों को किया जागरूक

पौड़ी। कल्जीखाल ब्लाक के पल्ली गांव में क्षेत्रीय लोक संपर्क ब्यूरो पौड़ी इकाई द्वारा कोविड टीकाकरण, डेंगू की रोकथाम, स्वच्छता सहित विभिन्न विषयों पर जनजागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए पल्ली के प्रधान जयवीर सिंह रावत ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक होना बहुत जरूरी है और ऐसे कार्यक्रमों में ग्रामीण प्रतिभाग करते हैं तो निश्चित्त ही योजनाओं से हर व्यक्ति लाभान्वित हो पाएगा। कल्जीखाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्साधिकारी डा. ऐश्वर्य आनन्द ने कोविड वैक्सीन और डेंगू से रोकथाम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सावधान रहकर कोरोना और डेंगू से बचा जा सकता है। आकाशवाणी पौड़ी के केंद्राध्यक्ष लखन स्वरूप ने कहा कि कोरोना काल मे भ्रांतियों से दूर रहें और कोविड वैक्सीन जरूर लगाए। क्षेत्रीय लोक संपर्क ब्यूरो के पंजीकृत दल परम पर्वतीय रंगमंच सांस्कृतिक एवं सामाजिक समिति पौड़ी के कलाकारों ने कोविड वैक्सीन से जुड़ी भ्रांतिया नाटक जिम्मेदारी है हमारी की प्रस्तुति से ग्रामीणो को जागरूक किया। हास्य और व्यंग से भरे नाटक में परम के कलाकारों ने बताया कि दिव्यांगों के लिए समाज कल्याण विभाग और स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष कोविड टीकाकरण शिविर लगाए जा रहे हैं । साथ ही कलाकारों ने बताया कि नेपाली मूल के नागरिक भी अपने परिचित के पहचान पत्र के साथ वैक्सीन लगा सकते हैं। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी पौड़ी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम लोगों तक सरकार द्वारा संचालित सही सही योजनाओं की जानकारी पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि मुफ्त कोविड वैक्सीन के प्रति भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। क्षेत्र के बच्चों के बीच प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। जिसमे निबंध में खुशी नेगी पहले, रजत नेगी दूसरे व तरुण नेगी तीसरे स्थान पर रही। चित्रकला में सारिका नेगी, रचना नेगी, करण नेगी क्रमश पहले, दूसरे, तीसरे स्थान पर रहे। सृष्टि को भी जूनियर वर्ग में पुरूस्कृत किया गया। ग्रामीण महिलाओं के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी की गई। पल्ली की महिला मंगल दल और क्षेत्रीय बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान टिमरी अनिता देवी, कविता अंथवाल, मनोज कुमार, संजय कुमार नेगी, मनुप नेगी, धर्मवीर सिंह रावत आदि शामिल थे।

## प्रकाश पंवार बने आप के रुद्रप्रयाग जिलाध्यक्ष

रुद्रप्रयाग। आम आदमी पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए तैयारियां शुरू कर दी है। प्रदेश संगठन के दिशा निर्देशों पर अगस्त्यमुनि के प्रकाश सिंह पंवार को आम आदमी पार्टी का रुद्रप्रयाग जिलाध्यक्ष बनाया गया है। पंवार बीते 1013 से पार्टी की सेवा कर रहे हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद कप्रवान ने पत्र जारी कर इसकी घोषणा की। जबकि जिला कार्यकारिणी में जोत सिंह बिष्ट, राकेश सिंह नेगी, प्यार सिंह नेगी, केपी ढौडियाल, पुरुषोत्तम चन्द्रवाल, चन्द्रशेखर भट्ट, बलवीर पंवार, राजेंद्र सिंह, महेश कुमार, दीपक बुटोला, अरविंद पंवार शामिल है।

# जीजा बनकर युवती से ठगे 50 हजार ...साइबर सैल ने लौटाए

रुद्रप्रयाग। रुद्रप्रयाग जिले की एक युवती को तब साइबर ठगी का शिकार होना पड़ा, जब एक दूर के जान पहचान के व्यक्ति ने उसका जीजाजी बनकर उससे 50 हजार ठग दिए। पुलिस की साइबर सैल की तत्परता से युवती के पैसे ठगने से बच गए। साइबर सैल ने अधिक जानकारी जुटाते हुए शीघ्र संबंधित बैंक से सम्पर्क किया और युवती के फोन पे के वॉलेट से धनराशि ट्रासंफर होने से पहले ही दोबारा युवती के खाते में जमा करवा दी। इस तरह एक बड़ी ठगी से युवती बच गई।जानकारी के मुताबिक जनपद रुद्रप्रयाग निवासी सुमन नाम की युवती अपनी पढ़ाई के सिलसिले में वर्तमान में जनपद पौड़ी में है। 30 जुलाई की सायं एक नए नम्बर से उन्हें फोन आया कि, वह उसका जीजा बोल रहा है। वह उसके खाते में कुछ पैसे भेज रहा है। उसने पूरी विश्वास के साथ बात की ताकि युवती को कोई भी शक न हो। उसे लगे कि वास्तव में वह उसका जीजा बोल रहा है। बातों ही बातों में उसने युवती से ओटीपी ले लिए तथा कुछ ही देर में युवती के खाते से क्रमशः 20 हजार, 20 हजार व 10 हजार कुल 50 हजार रुपये निकाल दिए। खाते से पैसे निकलने से हैरान और परेशान युवती साइबर क्राइम पोर्टल में शिकायत करने पहुंची।



मामला रुद्रप्रयाग जिले का होने के कारण शिकायत जनपद रुद्रप्रयाग साइबर सैल को प्राप्त हुई। साइबर सैल में नियुक्त आरक्षी राकेश रावत द्वारा 31 जुलाई को इस सम्बन्ध में इस युवती से वार्ता की गई। साथ ही संबंधित एप यानि फोन पे के गेटवे से आनलाइन पत्राचार किया गया। तब तक पैसे फोन पे के वॉलेट में ट्रान्सफर हुए थे। यहां युवती की किस्मत अच्छी रही कि पैसे फोन पे वॉलेट से कहीं किसी और खाते में ट्रांसफर नहीं हुए थे। इस संबंध में खाते से जुड़ी जानकारी बैंक से ऑनलाइन पत्राचार से प्राप्त की गई। रुद्रप्रयाग पुलिस साइबर सैल की त्वरित कार्यवाही से फोन पे वॉलेट में गए 50 हजार रुपये की धनराशि युवती के खाते में वापस दिला दी गई। पुलिस ने युवती से इतनी अधिक धनराशि उनके खाते में होने को लेकर जानकारी ली तो, उसने बताया कि उनके पिता द्वारा दिन–रात मेहनत कर यह धनराशि कॉलेज की फीस के लिए खाते में डाली गई थी जिसे ठग द्वारा ठग लिया गया था। हालांकि युवती द्वारा यह भी स्वीकार किया गया कि, ठग द्वारा उनकी जिस दीदी व जीजा का सहारा लिया गया था, वह उनके दूर के रिश्ते में एक दीदी हैं, जिनकी आगामी समय में शादी होनी है। साइबर ठग द्वारा इनके बारे में पूरी जानकारी जुटाते हुए ठगने की योजना बनाई गई थी। इधर, रुद्रप्रयाग पुलिस ने जनता को साइबर अपराध के प्रति सजग करते हुए कहा कि फोन पर कोई भी बैंक आदि को लेकर जानकारी मांगे तो उसे बिना बैंक गए किसी भी दशा में न दें। साथ ही पूरी तरह सतर्क रहें।

## पुरानी पेंशन बहाली को चलाया ट्विटर पर अभियान

पौड़ी। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा ने ट्विटर पर पुरानी पेंशन बहाल करने के लिए रविवार को अभियान चलाया। अभियान में प्रदेश के 78 हजार एनपीएस कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली के लिए ट्विटर पर प्रधानमंत्री, सीएम व सांसदों को ट्वीट किए। अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा ने हजारों की संख्या में ट्वीट कर पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग उठाई। प्रदेश महासचिव सीताराम पोखरियाल ने कहा कि कोरोना काल मे सोशल मीडिया ही एक माध्यम है जिसके जरिये हम अपनी बात सरकारों तक पहुंचा सकते हैं । हालांकि जमीन पर लड़ाई लडने का अवसर जब भी आएगा तब यह आन्दोलन राज्य में एक नया इतिहास लिखेगा। प्रान्तीय संरक्षक जसपाल रावत ने कहा कि आज लाखो कर्मचारियों की एकता कह रही है कि इस नई पेंशन व्यवस्था में हमारा बुढापा सुरक्षित नही है। हमें पुरानी पेंशन व्यवस्था लौटा दीजिए। प्रदेश प्रेस सचिव कमलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा ने लाखों ट्वीट्स के माध्यम से अपनी मांग रखी। कार्यक्रम को सफल बनाने में आलोक पाण्डे, रेणु डांगला, रणवीर सिंधवाल, अवंतिका पोखरियाल, नीलम बिष्ट, रजनी रावत, शशि चौधरी भवान सिंह नेगी, नरेश भट्ट, राजीव उनियाल, मक्खन लाल साह, छत्रपति पाण्डे, सुबोध कांडपाल, राजेन्द्र शर्मा, रज्जन कफलटिया, कैलाश अंडोला, विकास थपलियाल, भूपाल सिंह धामी, मयंक सिंधवाल, सौरभ नौटियाल, प्रदीप सजवान, दीपक गोडियाल, प्रदीप जुयाल, देवेंद्र मेहता, अनिल जोशी, इंदुवर जोशी, त्रिभुवन बिष्ट, भास्करानंद आर्य, खीम सिंह खत्री ,बलवंत असवाल, गुरुदेव रावत, मुरली मनोहर भट्ट आदि शामिल रहे।

## सस्ती लोकप्रियता हासिल करने में जुटी भाजपा : विक्रम नेगी

नई टिहरी। प्रतापनगर के पूर्व विधायक व कांग्रेस की प्रदेश संचालन समिति के सदस्य विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि भाजपा के जनप्रतिनिधि सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए प्रधानों के कामों के प्रमाण पत्र जनता को बांटने का काम कर रहे हैं। पहले इंदिरा आवासों को नाम बदलकर पीएम आवास योजना किया गया। अब विधायक इनका प्रमाण बांटकर सस्ती लोकप्रियता हासिल कर रहे हैं। कांग्रेस जिला कार्यालय में नेगी पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पीएम आवासों का चयन प्रधानों की खुली बैठक में होता है। प्रधानों का काम है, लेकिन भाजपा इस हद तक सस्ती लोकप्रियता हासिल करने में जुट गई है कि उनके प्रमाण पत्र बांट रहे हैं। दशकों से जारी इस योजना में कभी ऐसा नहीं हुआ। त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था के साथ यह मखौल है। आप पार्टी पर तंज कसते हुये उन्होंने कहा कि जिस बिजली को फ्री बांटने की यह बात कर रहे हैं, उसके उत्पादन में इनकी सोच तक कहीं शामिल नहीं है, लेकिन उत्तराखंड की स्वाभिमानी जनता इस फ्री लालच से कोसों दूर है। यहां की जनता को रोजगार व स्वरोजगार की चिंता के साथ ही उत्तराखंड राज्य को समर्थ राज्य बनाना है। भाजपा के जनप्रतिनिधियों पर हमला बोलते हुये कहा कि पुलों के निर्माण के लिए पीआईयू बनाई गई लोनिवि को अन्यत्र स्थानांतरित किया जाना कमजोरी को दर्शाता है। जबकि टिहरी बांध पर बनाये गये अभूतपूर्व बनाये गये पुलों के देख–रेख की जिम्मेदारी देते हुये लोनिवि डिवीजन को प्रदेश में पुलों के निर्माण के लिए नोडल डिवीजन बनाते हुये टिहरी झील से सम्बंधित कामों को सौंपा जाना चाहिए। कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री विजय गुनसोला ने कहा कि कांग्रेस चुनावी तैयारियों पर जुट गई है। सभी नव निर्वाचित समितियां व पदाधिकारी बूथ स्तर पर काम करने जा रहे हैं। प्रदेश की आउटरीच कमेटी के सदस्य शांति भट्ट ने कहा कि वे सभी दूरस्थ हिस्सों में जाकर कांग्रेस को मजबूत करने का काम करेंगे। कांग्रेसी की मजबूती व जनता की समस्याओं को लेकर सभी से सुझाव भी बैठक में मांगे गये। इस मौके पर सभी निवनिर्वाचित पदाधिकारियों व समिति सदस्यों का फूलमालाओं से सम्मान भी किया गया। इस मौके पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राकेश राणा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष दर्शनी रावत, शहर कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र नौडियाल, आशा रावत, लक्ष्मी रावत, ममता उनियाल, कुलदीप पंवार, राजेंद्र डोभाल, गब्बर सिंह चौहान, नत्थी लाल, मनीष, मुर्तजा बेग, मुर्शरफ अली आदि मौजूद रहे।

## विभिन्न मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्री संघ ने की बैठक

रुद्रप्रयाग। आंगनबाड़ी कार्यकत्री संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर बैठक कर सरकार से 18 हजार रुपये मानदेय की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि उनकी पुरानी लम्बित मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन सड़कों पर उतर कर उग्र आंदोलन करेगा। इस अवसर पर नई ब्लाक कार्यकारिणी का गठन कर सर्व सम्मति से राजेश्वरी राणा को जखोली ब्लाक अध्यक्ष, नर्मदा काला को कोषाध्यक्ष व अंजू भट्ट को संघ का उपाध्यक्ष चुना गया। रविवार को विकासखंड जखोली सभागार में आंगनबाड़ी प्रदेश संगठन की अध्यक्ष सुमति थपलियाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कार्यकत्रियों ने सरकार से विभागीय सुपरवाइजर के पदों पर वर्षों से कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आयु सीमा में छूट देकर शत प्रतिशत पदोन्नति करने, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को समान कार्य के लिए समान वेतन देने सहित न्यूनतम अठारह हजार रुपये मानदेय करने की मांग की है। वक्ताओं ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि शीघ्र मांग पूरी न होने पर संघठन चरणबद्ध तरीके से उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## पौधरोपण कर मेयर ने दिलायी स्वच्छता की शपथ

रुड़की। नगर निगम ने स्वच्छता संकल्प देश का, प्रत्येक रविवार विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत गंगनहर किनारे स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में पौधरोपण तथा स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें मेयर गौरव गोयल ने पौधरोपण कर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत झाड़ू लगाकर सफाई अभियान की शुरुआत की। इस दौरान निगम के कर्मचारियों एवं नागरिकों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। रविवार को आयोजित इस विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत देहरादून हाईवे के डिवाइडर की घास कटाई एवं साफ सफाई का कार्य भी किया गया। मेयर ने कहा कि नगर को सुंदर एवं स्वच्छ बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण और स्वच्छता अभियान चलाया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस स्वच्छता अभियान के तहत इस बार रुड़की को प्रदेश में स्वच्छता में प्रथम स्थान पर लाना है और इसमें नगर निगम के साथ ही जन सहभागिता भी जरूरी है, तभी रुड़की नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सकेगा। इस दौरान डेंगू से बचाव हेतु जन जागरूकता क्रम में पत्रक बांटे गए तथा कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव किया गया। इस अवसर पर सफाई निरीक्षक मृदुल कुमार, पर्यावरण पर्यवेक्षक राकेश लहरा, अभिषेक कुमार, विकास, नीतू, सुंदरलाल, सेठपाल आर्य आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## लक्सर सीएचसी में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर लटका ताला

रुड़की। गरीब परिवार के मरीजों पर एक और मार पड़ी है। उन्हें सस्ते दाम पर जेनरिक दवाएं मुहैया कराने के लिए लक्सर के सरकारी अस्पताल में खोला गया प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र बंद पड़ा है। लिहाजा मरीज बाहर से महंगी दवा लेने पर मजबूर हैं। केंद्र पर दवाइयों की बहुत कम बिक्री को इसकी वजह बताया जा रहा है। इस समय जेनरिक व इथिकल दवाएं प्रचलन में हैं। इथिकल दवाएं ब्रांड के नाम से और जेनरिक दवा उसमें मौजूद साल्ट के नाम से जानी जाती हैं। फर्क यह है कि जेनरिक दवाइयां इथिकल की तुलना में काफी सस्ती हैं। केंद्र की पिछली सरकार ने लोगों को सस्ती जेनरिक दवाएं मुहैया कराने के लिए प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र शुरू किए थे। लक्सर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में भी करीब तीन साल पहले एक जन औषधि केंद्र शुरू किया गया था। दरअसल, सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों को अधिकांश दवाइयां अस्पताल की डिस्पेंसरी से मुफ्त मिल जाती हैं। लेकिन कुछ ऐसी दवाएं भी हैं, जो अस्पताल में उपलब्ध न होने के कारण उन्हें बाहर से खरीदनी पड़ती हैं। ऐसे गरीब लोगों को परिसर में ही सस्ती जेनरिक दवाइयां देने के लिए यह केंद्र खोला गया था। लेकिन पिछले काफी समय से केंद्र बंद पड़ा है। सीएचसी कर्मचारियों का कहना है कि केंद्र संचालक अपना सारा सामान उठाकर ले गए हैं, और अस्पताल का भवन खाली कर दिया है। दवा लेने आई शाहाना, नसरीन, शबाना, सपना, मोहित, कोमल ने बताया कि अब जन औषधि केंद बंद होने के कारण उन्हें बाहर से महंगी दवाएं लेनी पड़ रही हैं।

## केवीके और इफ्को करेंगे नैनो यूरिया का ट्रायल

रुड़की। आईसीएआर के निर्देश पर केवीके और इफ्को मिलकर हरिद्वार जिले में दो जगह धान की फसल पर नैनो यूरिया का ट्रायल करेंगे। ट्रायल के लिए पथरी के शेरपुर और बहादराबाद के सोहलपुर में दो किसानों को चिन्हित किया गया है। अधिकारियों की निगरानी में दोनों जगह एक-एक एकड़ धान की रोपाई करा दी गई है। इफको ने हाल ही में नैनो यूरिया का उत्पादन शुरू किया है। उत्पादन से पहले दो चरणों में इसका ट्रायल हो चुका है। अब तीसरे और अंतिम चरण में ट्रायल के लिए आईसीएआर (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद) ने देशभर से 21 कृषि विज्ञान केंद्रों को अधिकृत किया है। हरिद्वार के धनौरी स्थित केवीके को भी ट्रायल की जिम्मेदारी मिली है। इफको के एसएफए ओमवीर सैनी ने बताया कि जनपद में दो जगह नैनो यूरिया का ट्रायल किया जा रहा है। पथरी के शेरपुर में किसान सचिन सैनी व बहादराबाद के सोहलपुर में किसान सुखपाल की भूमि को ट्रायल के लिए चिन्हित किया गया है। केवीके प्रभारी पुरुषोत्तम ने बताया कि दोनों जगह एक-एक एकड़ धान की फसल पर किसान परंपरागत तरीके से सामान्य दानेदार यूरिया डालकर धान उगाएंगे। जबकि एक-एक एकड़ में 50 प्रतिशत सामान्य यूरिया व 50 प्रतिशत नैनो यूरिया से फसल उगाई जाएगी। बताया कि दोनों जगह धान की रोपाई करा दी गई है। अब रोपाई के 20- 25 दिन बाद पहली बार और इसके 10 से 15 दिन बाद दूसरी बार 2 एमएल प्रति लीटर के हिसाब से नैनो यूरिया का स्प्रे होगा। इफको के जिला प्रबंधक डॉ. रामभजन सिंह ने बताया कि सामान्य परंपरागत व नैनो यूरिया से पैदा की गई फसल में प्रति हेक्टेअर उत्पादन के साथ ही दाने में मौजूद पोषक तत्वों की भी जांच की जाएगी। बताया कि यह जांच आईसीएआर द्वारा की जाएगी।

## स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

रुड़की। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कलियर पुलिस ने स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपी के पास से 3.90 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। एसओ कलियर धर्मेन्द्र राठी ने बताया कि क्षेत्र में नशे के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया जा रहा। चेकिंग के दौरान बावनदर्रा पुल के पास कलियर नहर पटरी से एक युवक को पकड़ा। थाने लाकर पूछताछ की तो पकड़े गए आरोपी की तलाशी लेने पर उसके पास 3.90 ग्राम स्मैक बरामद की हैं। थाना प्रभारी धर्मेन्द्र राठी ने बताया तेलीवाला निवासी नसीम पुत्र नूरहसन के पास 3.90 ग्राम स्मैक बरामद की हैं। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जा रहा हैं।

# कंप्यूटर में खराबी आने से 3घंटे देरी से शुरू हुआ वैक्सीनेशन कार्य

रुड़की। रुड़की में रविवार को छह अलग-अलग स्थानों पर 18 प्लस और 45 प्लस वालों के लिए कोविशिल्ड की पहली और दूसरी डोज लगाई गई। लेकिन सिविल अस्पताल के वैक्सीनेशन सेंटर पर कंप्यूटर में खराबी आने के कारण वैक्सीनेशन का कार्य तीन घंटे देरी से शुरू हो पाया। जिसके चलते करीब तीन सौ लोग वापस लौट गए। रुड़की में कोविड से बचाव की वैक्सीन लगाने को लेकर अस्थिरता बनी हुई है। वैक्सीन लगाने के काम में चल रही अस्थिरता से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा। कभी वैक्सीन के नहीं होने के चलते वैक्सीनेशन सेंटर पर ताले लग जाते हैं। तो वैक्सीन कमी के चलते सेंटर की संख्या अचानक कम कर दी जाती है। जबकि रविवार को रुड़की में बीएसएम इंटर कालेज, मूलराज इंटर कालेज, गांधी महिला शिल्प इंटर कालेज, पुरानी तहसील स्थित प्राथमिक विद्यालय 14, हैल्पिंग हैंड और सिविल अस्पताल में दोनों आयु वर्ग को डोज लगाई जा रही थी। लेकिन सिविल अस्पताल के वैक्सीनेशन सेंटर के कंप्यूटर में अचानक खराबी आ गई। जिसके चलते वैक्सीनेशन का काम पूरी तरह बंद हो गया। इस दौरान वैक्सीन लगाने पहुंचे लोग निराश हो गए। करीब तीन घंटे बाद अस्पताल प्रबंधन ने काफी मशक्कत के बाद 12 बजे वैक्सीनेशन का काम शुरू करवाया। इस दौरान तीन सौ लोग रुड़की सिविल अस्पताल से वैक्सीन लगाए बिना ही वापस लौट गए। सीएमएस डॉ.संजय कंसल ने बताया कि कंप्यूटर में खराबी के कारण यह परेशानी हुई। बताया कि सेंटर पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों ने लोगों को दूसरे वैक्सीनेशन सेंटर पर भेजा। जबकि ठीक होने के बाद फिर से कार्य शुरू कर दिया गया।

सिविल अस्पताल में सुबह नौ बजे वैक्सीन लगाने पहुंचे काशीपुरी निवासी सन्नी ने बताया कि पहले तो सेंटर ही देरी से खुला। जब सेंटर खुला तो कंप्यूटर की खराबी की समस्या बता दी। डेढ़ घंटा खराब करने के बाद दूसरे सेंटर पर वैक्सीन लगाने गया। रामपुर चुंगी से आए आयुष्मान, प्रशांत, अनिरुद्ध और नितिन सभी का कहना था कि पहले सिविल अस्पताल में लाइन में लगा। अब यहां कंप्यूटर खराब हो गया अब फिर से दूसरी जगह लाइन में लगना पड़ेगा। फैक्ट्री से मिली सप्ताह ही एक छुट्टी लाइन में लगने में ही गुजर गई।

## मेन बाजार के 300दुकानदार टूटी सड़क से परेशान

रुड़की। रुड़की का मेन बाजार की सड़क काफी व्यस्ततम सड़कों में आता है। आज बाजार की जर्जर सड़क व्यापारियों के लिए परेशानी का सबब बन चुकी है। रुड़की नगर निगम पुल से शुरू होकर मच्छी मोहल्ला चौक तक इस बाजार में करीब तीन सौ दुकानें हैं। इस बाजार में हर तरह के सामान की दुकानें हैं। जबकि यह मार्ग रुड़की के एक छोर को दूसरे छोर से मिलाने का सबसे छोटा मार्ग भी है। जिसके चलते इस मार्ग पर ई रिक्शा, दोपहिया के अतिरिक्त चोपहिया और भारी वाहन भी गुजरते हैं। लेकिन इस बाजार की सड़क में बने गहरे गहरे गड्ढे व्यापारियों एवं खरीदारों के लिए मुसीबत बन चुके हैं।मेन बाजार व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रभजोत सिंह नामधारी का कहना है कि बाजार की सड़क को बनाने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों समेत अधिकारियों को लिखकर दिया। लेकिन हुआ कुछ नहीं। व्यापारी शेखर सिंघल का कहना है कि गड्ढों में जमा बारिश का पानी उनके लिए दुखदायी बन चुके हैं। कई बार इन गड्ढों में दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो चुके हैं।मेन बाजार व्यापार मंडल के महामंत्री आशीष सेठी ने कहा कि नगर निगम ने कुछ सड़क का पैच वर्क किया था। लेकिन नगर निगम का पैच वर्क 15 दिन भी नहीं चल सका और बरसात के बाद फिर सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई। मेन बाजार व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष लखबीर सिंह का कहना है कि हम दुकानदारों से हर प्रकार का टैक्स तो वूसला जा रहा है। लेकिन सुविधा के नाम पर एक सड़क को आज तक ठीक नहीं किया जा रहा।मेन बाजार व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष आशीष अरोड़ा ने कहा कि रोजाना स्कूटी और बाइक सवार इन गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। लेकिन जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी किसी बड़ी दुर्घटना के इंतजार में हैं। मेन बाजार व्यापार मंडल के सह सचिव मोहित ओबरॉय और व्यापारी मुकेश कुमार, महेश खन्ना, विभोर सेठी, इंद्र कुमार, सचिन आनंद, अंकित कालरा, जसमीत सिंह का कहना है कि दुकानदारों की यह समस्या कब हल होगी समझ नहीं आ रहा है।मेयर गौरव गोयल ने बताया कि बाजार की क्षतिग्रस्त सड़क का जल्द निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। सड़क के निर्माण के लिए जल्द टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

## सड़क दुर्घटना में पीएसी की दो महिला कांस्टेबल गंभीर घायल

रुड़की। कांवडियों को रोकने के लिए नारसन बॉर्डर चेकपोस्ट पर तैनात पीएसी की दो महिला सिपाही ड्यूटी समाप्त कर अपने कैंप में दुपहिया वाहन से लौट रही थी। मंडावली के निकट तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु अलग-अलग निजी अस्पतालों में भर्ती कराया है, जहां पर दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। रविवार को नारसन बॉर्डर पर तैनात 40 वाहिनी पीएसी में तैनात दो महिला सिपाही ड्यूटी समाप्त करने के बाद अपने कैंप पर दोपहिया वाहन से वापस लौट रही थीं। जैसे ही वह मंडावली के निकट पहुंची तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे दोनों सड़क पर दूर तक घिसटती चली गईं तथा उनका वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। ग्रामीणों द्वारा घटना के संबंध में पुलिस को सूचना दी गई। नारसन चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और 108 सेवा के माध्यम से दोनों को उपचार हेतु मंगलौर के एक निजी अस्पताल में भेजा गया, जहां पर एक कांस्टेबल को तो उपचार हेतु भर्ती कर लिया गया, जबकि दूसरी महिला कांस्टेबल को रुड़की के लिए रेफर कर दिया गया। वह भी रुड़की के एक निजी अस्पताल में उपचाराध ीन बताई गई है। बताया गया है कि जिस बाइक द्वारा महिला कांस्टेबलों को टक्कर मारी गई है उसे पुलिस ने पकड़ लिया है, लेकिन उसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। इंस्पेक्टर मंगलौर ने बताया कि दोनों महिला कांस्टेबल 40 वाहिनी पीएसी हरिद्वार में तैनात है वर्तमान समय में कांवडियों को रोकने के लिए नारसन सीमा चेक पोस्ट पर ड्यूटी में लगाई गई हैं। घायलों के नाम मीनू चौधरी (32) निवासी नारसन तथा पिंकी यादव (37) निवासी हरिद्वार बताए गए हैं। इस संबंध में अभी कोई मुकदमा दर्ज नहीं हो पाया है।

## महिला की तहरीर पर युवक पर केस दर्ज

रुड़की। घाड़ क्षेत्र के गांव बंदरजुड़ निवासी महिला ने भगवानपुर थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर एक युवक पर अभद्रता और छेडखघनी करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने नामजद युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। बंदरजुड़ निवासी मोमिना ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि वह किसी काम से भगवानपुर कस्बे में आई थी। जहां भरे बाजार में उसके साथ एक युवक ने अभद्रता करते हुए गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर वह मारपीट करने पर उतारू हो गया। पीड़िता ने परिजनों के साथ थाने पहुंच पुलिस को तहरीर देकर नामजद करते हुए एक युवक पर अभद्रता और छेडखघनी का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आध ार पर जुगनू उर्फ फाटक, निवासी रायपुर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। भगवानपुर थाना प्रभारी पीडी भट्ट ने बताया कि मामला दर्ज करने के साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## एक बारिश भी नहीं झेल पायी एक करोड़ से अधिक की लागत में बनी सड़क

रुड़की। रुड़की के रामनगर क्षेत्र में एक करोड़ से ऊपर की सड़क बनने के बाद बारिश को नहीं झेल पाई। सड़क उखड़नी शुरू हो गई है। मेयर गौरव गोयल का कहना है कि अभी सड़क का कार्य पूरा नहीं हुआ है, सड़क पर एक कोड और होगा। रुड़की नगर निगम के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर कई बार सवाल खड़े होते हैं। हाल ही में मेन बाजार की सड़क पर किए गए पैच वर्क 15 दिन में दोबारा गड्ढों में तब्दील हो गए थे। रुड़की नगर निगम का एक ऐसा ही मामला फिर से सामने आया है। रुड़की के रामनगर स्थित कोर्ट रोड की सड़क का डामरीकरण करीब एक महीने पहले किया गया था। एक करोड़ से अधिक की लागत में बनी यह सड़क उखड़नी होनी शुरू हो गई है। एक करोड़ की लागत से बनी इस सड़क में हाल ही में हुई बारिश के बाद एक स्थान पर गहरे गड्ढे बन चुके हैं। मेयर गौरव गोयल का कहना है कि सड़क का कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है। सड़क पर अभी एक कोड और निर्माण सामग्री का डाला जाएगा।

# अगले साल आएगी कैटरीना, सिद्धांत और ईशान के अभिनय से सजी फिल्म फोन भूत

पिछले काफी समय से फिल्म फोन भूत सुर्खियों में हैं। इस हॉरर कॉमेडी फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और करें भी क्यों ना, फिल्म से कैटरीना कैफ, सिद्धांत चतुर्वेदी और ईशान खट्टर का नाम जो जुड़ा है। फिल्म से सामने आए कलाकारों के फर्स्ट लुक ने भी दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया है। अब इस फिल्म के निर्माता रितेश सिद्धवानी ने इसकी रिलीज को लेकर अहम जानकारी दी है। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कुछ कहा।

रितेश ने कहा, फोन भूत लगभग बनकर तैयार हो चुकी है। इसकी फिनिशिंग हो रही है। यह अगले साल दर्शकों के बीच होगी। फिलहाल तो यही कह सकता हूं। बाकी आगे की प्लानिंग हालात के हिसाब से होगी। यह फिल्म फरहान अख्तर और रितेश सिद्धवानी मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। गुरमीत सिंह इसके निर्देशन की कमान संभाल रहे हैं। कोरोना महामारी के चलते अन्य फिल्मों की तरह इस फिल्म की रिलीज में भी देरी हुई है। ईशान ने कहा, मैं पहली दफा कॉमेडी जॉनर की फिल्म में काम कर रहा हूं





और मैं इसलिए बेहद उत्साहित और रोमांचित हूं। मैंने फिल्म की कहानी पढ़ते ही हां कर दी थी। उन्होंने कहा, हॉरर कॉमेडी पर पहले भी फिल्में बनी हैं, लेकिन यह ज्यादा ही मजेदार फिल्म है। इसे देख आप बिल्कुल भी बोर नहीं होंगे। कहानी में लगातार मोड़ आते रहेंगे। यह बेहद दिलचस्प है। फिल्म शुरू से लेकर अंत तक आपको गुदगुदाएगी।

फोन भूत के अलावा इस साल सैफ अली खान अभिनीत हॉरर–कॉमेडी फिल्म भूत पुलिस दर्शकों के बीच आएगी। फिल्म भूल भुलैया 2 भी रिलीज होने को तैयार है। विवेक ओबरॉय की हॉरर–थ्रिलर फिल्म रोजीरू द सैफरॉन चौप्टर दर्शकों को रोमांचित करने आ रही है। इसी तरह विशाल फुरिया के निर्देशन में बन रही अभिनेत्री नुसरत भरूचा की हॉरर फिल्म छोरी और अभिनेता आफताब शिवदासानी की होम प्रोडक्शन हॉरर–थ्रिलर फिल्म धुंध भी इसी साल रिलीज हो सकती है। कैटरीना, अक्षय कुमार के साथ फिल्म सूर्यवंशी में नजर आएंगी। इसके अलावा वह सलमान खान के साथ फिल्म टाइगर 3 में काम कर रही हैं। कैटरीना निर्देशक जोया अख्तर की अगली फिल्म को लेकर भी चर्चा में हैं। दूसरी तरफ सिद्धांत चतुर्वेदी फिल्म बंटी और बबली 2 में मुख्य भूमिका निभाएंगे। निर्देशक शकुन बत्रा की फिल्म में वह दीपिका पादुकोण के साथ नजर आएंगे। ईशान खट्टर फिल्म पिप्पा को लेकर सुर्खियों में हैं। इसमें उनके साथ मृणाल ठाकुर दिखाई देंगी।

# दीपिका पादुकोण के साथ दोबारा बन सकती है रजनीकांत की जोड़ी

साउथ इंडस्ट्री के भगवान का दर्जा पा चुके रजनीकांत जल्द ही एक बार फिर दीपिका पादुकोण के साथ रोमांस करते नजर आ सकते हैं। दोनों इससे पहले फिल्म कोचादाइयां में साथ काम कर चुके हैं और अब एक बार फिर पर्दे पर साथ दिख सकते हैं। अब जो प्रशंसक दोनों को फिर साथ देखने को इंतजार कर रहे हैं, यह उनके लिए किसी खुशखबरी से कम नहीं है। आइए जानते हैं इस बारे में और क्या जानकारी मिली है। एक रिपोर्ट के मुताबिक रजनीकांत ने एजीएस एंटरटेनमेंट के साथ एक फिल्म साइन कर ली है। देसिंगु पेरियासामी इस फिल्म के निर्देशन की कमान संभालेंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि फिल्म की लीड हीरोइन के लिए दीपिका पादुकोण से बातचीत चल रही है। हालांकि, अभी इस खबर की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन कहा जा रहा है कि रजनीकांत और दीपिका दोबारा स्क्रीन शेयर करने के लिए बेहद उत्साहित हैं।दीपिका और रजनीकांत पहली बार फिल्म कोचादइयां के लिए साथ आए थे। इस फिल्म को बनाने में काफी खर्च हुआ था। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फेल हो गई, वहीं दीपिका और रजनीकांत की जोड़ी भी दर्शकों को कुछ खास पसंद नहीं



आई थी। यह एक एनिमेटेड एक्शन फिल्म थी। इसमें दीपिका और रजनीकांत का मोशन अवतार देखने को मिला था। यह फिल्म मोशन कैप्चर तकनीक पर बनी पहली भारतीय फिल्म थी, जो 2014 में रिलीज हुई थी।

रजनीकांत पिछले कुछ समय से फिल्म अन्नात्थे को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। यह इस दिवाली पर दुनियाभर में रिलीज होने के लिए तैयार है। सन पिक्चर्स के बैनर तले बनी यह फिल्म 4 नवंबर को रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में रजनीकातं के साथ अभिनेत्री नयनतारा नजर आएंगी। फिल्म में कीर्ति सुरेश, खुशबू, जैकी श्रॉफ, मीना और प्रकाश राज भी अहम किरदार में होंगे। पिछली बार रजनीकांत की फिल्म दरबार भी बॉक्स ऑफिस पर हिट हुई थी। दीपिका जल्द ही द इंटर्न के हिंदी रीमेक में नजर आएंगी। वह रणवीर सिंह अभिनीत फिल्म 83 का हिस्सा हैं। इसमें दीपिका क्रिकेटर कपिल देव की पत्नी रोमा देवी की भूमिका में दिखेंगी। फिल्म सर्कस में वह मेहमान भूमिका निभाएंगी, वहीं, पठान में उन्हें शाहरुख खान के साथ देखा जाएगा। दीपिका निर्देशक शकुन बत्रा की फिल्म में भी काम कर रही हैं। इसमें वह सिद्धांत चतुर्वेदी और अनन्या पांडे के साथ नजर आएंगी। दीपिका फिल्म महाभारत का भी हिस्सा हैं।

# मैं अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलना चाहती हूं मृणाल ठाकुर



अभिनेत्री मृणाल ठाकुर का कहना है कि वह खुद को तलाशते रहना चाहती हैं और खुद को अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकालना चाहती हैं। मृणाल ने टेलीविजन शो कुमकुम भाग्य में अपने अभिनय से पहचान हासिल की। उन्होंने 2018 में नाटक लव सोनिया के साथ फिल्मों में कदम रखा। 28 वर्षीय अभिनेत्री को बाद में सुपर 30 और बाटला हाउस जैसी फिल्मों में देखा गया।

उनकी नवीनतम फिल्म स्पोर्ट्स ड्रामा तूफान है, जिसका निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने किया है। इसमें फरहान अख्तर और परेश रावल भी हैं।

अपनी यात्रा को देखते हुए, मृणाल ने बताया, मैं सिर्फ एक बहुमुखी अभिनेत्री के रूप में पहचान बनाना चाहती हूं और मैं खुद को और शैलियों की खोज करना चाहती हूं। मैं विभिन्न निर्देशकों के साथ काम करना चाहती हूं। मैं यह सुनिश्चित करना चाहती हूं कि मैं बाहर निकलूं मेरे कम्फर्ट जोन से, ये मैंने फरहान (अख्तर) से सीखा है।

मृणाल अपने काम से अपने प्रशंसकों को प्रेरित करना चाहती हैं।

उन्होंने आगे कहा, मैं लोगों को प्रेरित करना चाहती हूं। मैं सिर्फ यह सुनिश्चित करना चाहती हूं कि मैं एक ऐसी फिल्म का हिस्सा हूं जो दर्शकों पर प्रभाव छोड़ेगी।

मृणाल को शाहिद कपूर के साथ अपनी आने वाली फिल्म जर्सी और आंख मिचोली की रिलीज का इंतजार है।

# फराह खान के निर्देशन में म्यूजिक वीडियो बनने से निधि अग्रवाल का सपना साकार

अभिनेत्री निधि अग्रवाल जल्द ही अभिनेता सोनू सूद के साथ फराह खान द्वारा निर्देशित एक म्यूजिक वीडियो में नजर आएंगी। इस प्रसिद्ध कोरियोग्राफर–निर्देशक के साथ काम करने का मौका मिलने से अभिनेत्री रोमांचित हैं। गाने की शूटिंग पंजाब में हो रही है और इसमें सोनू एक किसान से पुलिस वाला बनने का किरदार निभाते नजर आएंगे।अपने उत्साह को साझा करते हुए निधि ने बताया, मैंने फराह मैम और सोनू सर के साथ गाने की शूटिंग में बहुत अच्छा समय बिताया। किसी भी अभिनेता के लिए फराह खान द्वारा कोरियोग्राफ करना हमेशा एक सपना होता है, लेकिन मैं तब से डबल ट्रीट में थी। वह



इसे निर्देशित भी कर रही थीं।निधि के लिए, फराह द्वारा निर्देशित किया जाना भी बहुत खास है क्योंकि यह बाद की निर्देशित ओम शांति ओम थी, जिसने अभिनय की दिशा में आईशंकरस्मार्ट अभिनेत्री को आगे बढ़ाया।निधि कहती हैं, इसकी शूटिंग के दौरान मुझे बहुत अच्छा लगा, क्योंकि मैंने ओम शांति ओम देखी थी और मुझे पता था कि मैं एक अभिनेत्री बनना चाहती हूं! मैं इसे देखने के लिए आप सभी का इंतजार नहीं कर सकती।फिल्म की बात करें तो, निधि पवन कल्याण की अगली हरि हर वीरा मल्ली और उदयनिधि स्टालिन की अगली फिल्म में दिखाई देंगी।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक वीना जोशी द्वारा देवभूमि प्रिन्टर्स, सरस मार्केट, हल्द्वानी, नैनीताल रोड, (नैनीताल) से मुद्रित एवं 12, बसन्त विहार छोटी मुखानी, हल्द्वानी (नैनीताल) उत्तराखण्ड से प्रकाशित।

**सम्पादक : वीना जोशी**

**सभी विवादों का निपटारा हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होगा। प्रकाशित समाचारों के लिए प्रेस उत्तरदायी नहीं है।**